हिन्दी दैनिक
# राष्ट्र संवाद
आपका राष्ट्र, आपका संवाद
जमशेदपुर से प्रकाशित
मूल्य : दो रुपए
जमशेदपुर, मंगलवार,7 अक्टूबर 2025
नगर संस्करण
वर्ष: 02,अंक:135
RNI No. : JHAHIN - 01092
rashtrasamvad.com

**सुविचार**

हमारा भविष्य हमारे वर्तमान पर निर्भर होता है इसीलिए अपने लक्ष्य पर काम करो

बिहार में छठ के बाद 2 फेज में चुनावः

# 6 व 11 नवंबर को वोटिंग, नतीजे 14 नवंबर को



राष्ट्र संवाद उप ब्यूरो अशोक कुमार ठाकुर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बिहार में चुनावी बिगुल बजने का इंतजार आज खत्म हो गया। चुनाव आयोग ने बिहार में दो चरणों में सभी 243 विधानसभा सीटों के लिए मतदान कराने का फैसला लिया गया है। पहले चरण का चुनाव 6 नवंबर और दूसरे चरण का 11 नवंबर को होगा। मतगणना की तिथि 14 नवंबर तय की गई है। भारत निर्वाचन आयोग की सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के विस्तृत कार्यक्रम की आधिकारिक ऐलान किया गया। चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई।

**झारखंड में भाजपा चंपाई के बेटे को मौका दे सकती है**-झारखंड की घाटसिला सीट विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन से खाली हुई है। घाटशिला विधानसभा सीट पूर्वी सिंहभूम जिले में आती है और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित है। यहां कुल 2,49,212 मतदाता हैं, जिनमें 1,22,564 पुरुष, 1,26,649 महिला और 2 थर्ड जेंडर शामिल हैं। हालांकि अभी मतदाताओं की फाइनल लिस्ट आना बाकी है।

### ज्ञानेश कुमार ने कहा– बिहार चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ होंगे

मुख्य चुनाव आयुक्त ने ज्ञानेश कुमार ने कहा, जो सारी बातें समीक्षा में आईं। बिहार में हम सभी राजनीतिक दलों, पुलिस अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारियों से मिले। सुरक्षाबलों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। आयोग आपको बतलाना चाहता है कि इस बार बिहार चुनाव मतदाताओं के लिए सरल, सुगम होंगे, पूरी लॉबी मतदाताओं की मदद के लिए खड़ी रहेगी, बिहार चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ होंगे। इस बार का बिहार चुनाव सबसे अच्छे चुनावों में शामिल होगा। ऐसी आयोग की मंशा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, 30 सितंबर को फाइनल लिस्ट (मतदाता सूची) पब्लिश की गई है। अभी भी कोई गलती रह गई हो तो जिला अधिकारी के पास अपील की जा सकती है। साथ ही किसी का नाम छूटा हो तो नॉमिनेशन के 10 दिन पहले तक नाम जुड़वा सकता है। इसके बाद कोई भी नाम नहीं जोड़ा जा सकता है। आयोग की पूरी टीम और तीन आयुक्तों ने बिहार का दौरा किया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश ने कहा– बिहार में चुनाव का आगमन –मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, इस चुनाव में आयोग की तैयारियों की पूरी जानकारी आपको देंगे। बिहार की पावन भूमि पर 5 सालों के बाद विधानसभा के चुनाव का आगमन हो रहा है।

**पहला फेज - 121 सीटें**

| नोटिफिकेशन | नॉमिनेशन | स्क्रूटनी | नाम वापसी | वोटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 10 अक्टूबर | 10-17 अक्टूबर | 18 अक्टूबर | 20 अक्टूबर | 6 नवंबर |

**दूसरा फेज - 122 सीटें**

| नोटिफिकेशन | नॉमिनेशन | स्क्रूटनी | नाम वापसी | वोटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 13 अक्टूबर | 13-20 अक्टूबर | 21 अक्टूबर | 23 अक्टूबर | 11 नवंबर |

**नतीजे - 14 नवंबर**

कुल सीट: 243 | बहुमत: 122 | 40 दिन की चुनाव प्रक्रिया

घाटशिला उपचुनाव का ऐलान

## 11 नवंबर को मतदान, 14 नवंबर को होगी मतगणना

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,रांची।** चुनाव आयोग ने झारखंड की घाटशिला विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा कर दी है। यह सीट शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद खाली हुई थी। आयोग के अनुसार, 11 नवंबर को मतदान और 14 नवंबर को मतगणना होगी।

अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जाएगी, जबकि नामांकन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर तय की गई है। स्क्रूटनी 22 अक्टूबर और नाम वापसी की आखिरी तिथि 24 अक्टूबर होगी। फिलहाल एनडीए और इंडिया ब्लॉक दोनों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। इंडिया ब्लॉक में यह सीट झामुमो के खाते मे है, जबकि भाजपा भी अपने संभावित उम्मीदवारों पर विचार कर रही है। राजनीतिक गलियारों में झामुमो से दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन के बेटे सोमेश सोरेन और भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन के नामों की चर्चा सबसे अधिक है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा अगर गुरुजी शिबू सोरेन की पोती जयश्री सोरेन को मैदान में उतारती है, तो झामुमो रामदास सोरेन की पत्नी को उम्मीदवार बना सकता है। यह उपचुनाव झामुमो के लिए सहानुभूति और प्रतिष्ठा की लड़ाई, वहीं भाजपा के लिए जनाधार पुनः हासिल करने का अवसर माना जा रहा है।

### घाटशिला उपचुनाव के लिए बनाया गया 15 कोषांग : उपायुक्त

**राष्ट्र संवाद संवाददाता,पूर्वी सिंहभूम।** भारत निर्वाचन आयोग ने जिले के 45-घाटशिला (अजजा) विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की घोषणा कर दी है। उपचुनाव 11 नवंबर को कराया जाएगा। वहीं 14 नवंबर को उपचुनाव का परिणाम आएगा। उप चुनाव से संबंधित अधिसूचना जारी होते ही पूरे क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। इस अवसर पर समाहरणालय सभागार में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी और वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने चुनाव कार्यक्रम, आचार संहिता के प्रावधानों तथा प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आचार संहिता लागू होने के साथ ही निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी कोषांगों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उपचुनाव की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 15 कोषांगों का गठन किया गया है, जिनके माध्यम से विभिन्न चरणों में कार्य सुनिश्चित किया जाएगा। इनमें निर्वाचन, संचार योजना और निर्वाचक नामावली, कार्मिक, प्रशिक्षण, ईवीएम सहित अन्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारियों को उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया गया है।




## सीएम नीतीश कुमार ने चुनाव के ऐलान से पहले और 21 लाख महिलाओं को रोजगार के लिए 10000 एडवांस भेजा

राष्ट्र संवाद उप ब्यूरो

**अशोक कुमार ठाकुर ।** बिहार चुनाव की तारीखों के ऐलान और आचार संहिता लगने से पहले नीतीश कुमार ने 6 अक्टूबर सोमवार को 21 लाख और महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के 10 हजार रुपये एडवांस भेज दिए। तीन चरण में 1.21 करोड़ औरतों को इसका लाभ प्राप्त हुआ है।

चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता लगने से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ताबड़तोड़ काम में जुटे हैं। उन्होंने पटना मेट्रो के एक रूट पर तीन स्टेशनों के बीच सेवा का उद्घाटन कर दिया और 21 लाख और औरतों को सीएम महिला रोजगार योजना के तहत 10 हजार रुपये का एडवांस भेज दिया है। इस योजना में अब तक कुल 1.21 करोड़ महिलाओं को रोजगार के लिए पहली किस्त की राशि भेजी गई है। महिलाओं को 6 महीने बाद रोजगार का आकलन करते हुए 2 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता मिल सकती है।




नीतीश कुमार की सरकार ने चुनाव से पहले अलग-अलग वर्ग और समूह के लिए नकद लाभ देने और बढ़ाने की भरपूर घोषणा की है। चाहें पेंशन हो या बेरोजगारी भत्ता, सरकार ने पिछले दो-तीन महीनों में विपक्ष के उठाए ज्यादातर मुद्दों और चुनावी वादों को कवर करने की कोशिश की है। 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली भी उसमें शामिल है। सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल के आधार पर बिहारी मूल के लोगों के लिए आरक्षित सीटों का दायरा भी बढ़ाया जा चुका है। इस योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं का जीविका दीदी समूह से जुड़ना अनिवार्य है। रोजगार शुरू करने के लिए जिन 1.21 महिलाओं को एडवांस मिला है, अगर छह महीने बाद रोजगार के आकलन के बाद सबको 2-2 लाख रुपये की सहायता देनी पड़े तो सरकार को इसके लिए 2.42 लाख करोड़ रुपये की जरूरत होगी। बिहार के 2025-26 के बजट 3.16 लाख करोड़ को देखें तो यह रकम बहुत बड़ी जान पड़ती है।

## तीन वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल मिला

### मैरी ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन सकागुची को मिला पुरस्कार



मैरी ई. ब्रंकॉ (इंस्टीट्यूट फॉर सिस्टम्स बायोलॉजी, सिएटल, अमेरिका) | फ्रेड राम्सडेल (सोनोमा बायोथेरेप्यूटिक्स, सैन फ्रांसिस्को, अमेरिका) | शिमोन साकागुची (ओसाका यूनिवर्सिटी, जापान)

**स्टॉकहोम ,एजेंसी।** वर्ष 2025 के चिकित्सा क्षेत्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को फिजियोलॉजी या मेडिसिन के नोबेल पुरस्कार विजेताओं को नाम का ऐलान किया है। इस साल तीन वैज्ञानिकों- मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन सकागुची को चिकित्सा क्षेत्र का नेबोल पुरस्कार मिला है। परिधीय प्रतिरक्षा सहिष्णुता (पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस) से संबंधित खोजों के लिए तीनों को नोबेल का मिला है।

चिकित्सा के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार को आधिकारिक तौर पर 'फिजियोलॉजी या मेडिसिन' का नोबेल पुरस्कार कहा जाता है।

यह सम्मान 1901 से 2024 के बीच 115 बार 229 नोबेल पुरस्कार विजेताओं को प्रदान किया जा चुका है। पिछले साल का पुरस्कार अमेरिकी नागरिक विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को सूक्ष्म 'आरएनए' (राइबोन्यूक्लिक एसिड) की खोज के लिए दिया गया था।

**शांति का नोबेल शुक्रवार को**-मंगलवार को भौतिकी, बुधवार को रसायन विज्ञान और बृहस्पतिवार को साहित्य के नोबेल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की जाएगी। नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार और अर्थशास्त्र में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार की घोषणा 13 अक्टूबर को होगी। इसके बाद 10 दिसंबर को पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा। नोबेल पुरस्कार विजेता को एक स्वर्ण पदक, एक डिप्लोमा और नोबेल फाउंडेशन की ओर से वित्तपोषित एक नकद पुरस्कार मिलता है, जो नोबेल निधि का प्रबंधन करता है। इस वर्ष का पुरस्कार 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर (.1.2 मिलियन) का है। नोबेल पुरस्कार विजेताओं को रातोंरात प्रसिद्धि मिलने का मौका भी देता है।

## जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में आग, 8 मरीजों की मौत

### ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में देर रात हुआ हादसा, 6 सदस्यीय कमेटी जांच करेगी

**जयपुर,एजेंसी।** जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में रविवार देर रात आग लग गई। हादसे में 8 मरीजों की मौत हो गई। इनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। रात 11 बजकर 20 मिनट पर यह आग ट्रॉमा सेंटर के न्यूरो आईसीयू वार्ड के स्टोर में लगी। यहां पेपर, आईसीयू का सामान और ब्लड सैंपलर ट्यूब रखे थे। ट्रॉमा सेंटर के नोडल ऑफिसर और सीनियर डॉक्टर ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। हादसे के समय आईसीयू में 11 मरीज थे। उसके बगल वाले आईसीयू में 13 मरीज थे। वहीं, इस अग्निकांड की जांच के लिए शासन स्तर पर 6 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। स्नरुकी टीम मौके पर पहुंची और सबूत इकट्ठे किए।

**फायरकर्मी बोला- पूरा वार्ड धुएं से भरा था** :फायर विभाग के कर्मचारी अवधेश पांडे ने बताया कि अलार्म बजते ही टीम मौके पर पहुंची। पूरे वार्ड में धुआं भर चुका था। अंदर जाने का कोई रास्ता नहीं था। ऐसे में बिल्डिंग की दूसरी ओर से खिड़की के कांच उतारकर पानी की बौछार मारी गई। आग पर काबू पाने में एक से डेढ़ घंटे का समय लगा। सभी मरीजों को बेड समेत बाहर सड़क पर शिफ्ट किया गया।



**पीएम मोदी ने लिखा- जयपुर की घटना अत्यंत दुखद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा है- राजस्थान के जयपुर स्थित एक हॉस्पिटल में आग लगने से हुई जान-माल की हानि अत्यंत दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदना। ईश्वर करे कि घायल शीघ्र स्वस्थ हों।

**मरीज के परिजन बोले- 20 मिनट पहले ही बता दिया था, किसी ने ध्यान नहीं दिया**-भरतपुर के रहने वाले शेरू ने बताया कि आग भड़कने से 20 मिनट पहले धुआं निकलना शुरू हुआ था। हमने स्टाफ को बताया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। रात 11:20 बजे तक धुआं बढ़ने लगा और प्लास्टिक की ट्यूब पिघलकर गिरने लगी। मौके पर मौजूद वार्ड बॉय वहां से भाग निकले। शेरू ने बताया कि हमने खुद ही अपने पेशेंट को मुश्किल से बाहर निकाला। हादसे के दो घंटे बाद पेशेंट को ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट किया गया। अब तक यह जानकारी नहीं है कि उनकी क्या स्थिति है। हमें मिलने नहीं दिया जा रहा है।

**डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने रद्द किए कार्यक्रम** :जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने की घटना पर डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि मरीजों की जनहानि का समाचार अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है।

## लिंगायत को अलग धर्म का दर्जा देने की मांग तेज, बसवा संस्कृति अभियान' में प्रस्ताव पारित

**बंगलूरू,एजेंसी।** कर्नाटक में लिंगायत समुदाय को अलग धर्म का दर्जा देने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। रविवार को बंगलूरू में आयोजित 'बसवा संस्कृति अभियान-2025' में लिंगायत मठाधीशों और कई धार्मिक गुरुओं ने इस मुद्दे पर आवाज बुलंद की। इस कार्यक्रम का आयोजन 'लिंगायत मठाधीशरा ओक्कूटा' द्वारा किया गया, जिसमें पांच प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए। इन प्रस्तावों में लिंगायत धर्म की मान्यता के लिए जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

**देश पहले, धर्म बाद में प्रस्ताव का संदेश** :कार्यक्रम में पारित प्रस्तावों में कहा गया कि सभी लिंगायत सबसे पहले भारतीय हैं। लिंगायत धर्म कन्नड़ का धर्म है। देश धर्म से पहले आता है। हमें राष्ट्रीय एकता और चेतना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि महत्मा बसवेश्वर और 12वीं सदी के अन्य शरणों द्वारा स्थापित लिंगायत धर्म समानता, भाईचारे और मानवीय मूल्यों पर आधारित है।



## सबरीमाला मंदिर में सोने की परत को लेकर बढ़ा विवाद

### विपक्षी यूडीएफ ने विधानसभा में किया हंगामा

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल के सबरीमाला मंदिर में सोने की परत के विवाद में सोमवार को विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन यूडीएफ के सदस्यों ने प्रश्नकाल को बाधित किया और सबरीमाला मंदिर विवाद पर राज्य के देवास्वम मंत्री वीएन वासावन के इस्तीफे की मांग की। विपक्षी नेताओं ने अध्यक्ष के आसन के सामने नारेबाजी की।



**विधानसभा की कार्यवाही हंगामे के चलते स्थगित हुई**-सोमवार को केरल विधानसभा का सत्र शुरू होते ही, विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने त्रावणकोर देवास्वम बोर्ड (टीडीबी) पर लगे आरोपों का मुद्दा उठाया। उन्होंने देवास्वम मंत्री वी एन वासवन के तत्काल इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि विपक्ष को पहले इस मुद्दे को उठाने की अनुमति नहीं दी गई थी।



# झूठ की जंजीर टूटी, सच की कलम जीती, कोर्ट ने पत्रकार को किया बरी

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**चतराः** कहा जाता है की सत्य को देर लगती है, पर हारता कभी नहीं। कुछ इसी कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है प्रतापपुर के निर्भीक पत्रकार अजय राज ने, जिनकी सच्चाई और ईमानदारी को माननीय न्यायालय ने पूरी तरह से सही ठहराते हुए झूठे और मनगढ़ंत आरोपों से बरी कर दिया है। दरअसल, जनवरी 2023 में रांची से प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार एक संदेश में एक समाचार प्रकाशित हुआ था। उस रिपोर्ट में प्रतापपुर प्रखंड के कुछ पंचायतों में संचालित आधार सेंटरों पर गरीबों से मनमानी राशि वसूले जाने की बात कही गई थी।

रिपोर्ट को प्रकाशित करने से पहले पत्रकार अजय राज ने कई सेंटरों से लाभुकों के बयान और ऑडियो-वीडियो साक्ष्य जुटाए थे, जो उनके पास सुरक्षित भी हैं। खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन ने इसकी गंभीरता को देखते हुए जांच कराई। जांच के दौरान कई अनियमितताएँ उजागर भी हुईं।

लेकिन इसी बीच कुछ सीएससी संचालकों ने सच्चाई उजागर होने के डर से पत्रकार पर मानहानि का झूठा आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिलवाया। उस समय के थानाप्रभारी विनोद कुमार यादव ने मामले की सच्चाई परखने के बाद स्पष्ट कहा था कि खबर में किसी व्यक्ति विशेष का नाम नहीं है और यह रिपोर्ट जनहित में की गई है। मामला शांत भी हो गया था, परंतु सच के दुश्मनों ने एक साल बाद फिर उसी पुराने आरोप को नए रूप में जिंदा किया और पत्रकार पर झूठा केस ठोंक दिया।

लेकिन अंततः सत्य ने एक बार फिर अपनी जीत दर्ज की। माननीय न्यायालय ने विस्तृत सुनवाई के बाद पत्रकार अजय राज को सभी आरोपों से पूर्णतः बरी करते हुए केस को खारिज कर दिया।

**दिलचस्प बात यह रही कि यह फैसला दशहरे के पावन अवसर पर आया**

जब पूरा देश बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व मना रहा था।

कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा ह्लकलम को हथियार बनाकर सत्य की लड़ाई लड़ना कठिन है, परंतु अंततः जीत सत्य की ही होती है। अदालत का यह फैसला न केवल पत्रकार अजय राज की व्यक्तिगत जीत है, बल्कि यह पूरे पत्रकार समुदाय के लिए नैतिक विजय का प्रतीक बन गया है। जानकारी के अनुसार एक संदेश अखबार प्रबंधन अब इस मामले को झूठे आरोप लगाने वालों के खिलाफ एक करोड़ रुपये के मानहानि केस के रूप में उच्च न्यायालय में दायर करने की तैयारी में है। पत्रकारिता जगत में यह फैसला उन सभी के लिए प्रेरणा है जो सच्चाई को कलम की ताकत से समाज के सामने लाने का साहस रखते हैं। झूठ की साजिश पर सत्य की जीतः कोर्ट ने पत्रकार अजय राज को बरी किया है।

# राज्य के मुख्य सचिव बने अविनाश कुमार, पदभार पर लड्डू का वितरण



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**चांडिल** – चांडिल राज्य के नए मुख्य सचिव के रूप में अविनाश कुमार के पदभार ग्रहण करने की खबर से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नौनिहाल क्षेत्र चांडिल चौक बाजार में लड्डू का वितरण किया गया।

समाजसेवी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में चांडिल चौक पर लोगों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी और राहगीरों के बीच भी मिठाइयां बांटी गईं। माहौल उत्साहपूर्ण रहा और लोगों ने जमकर पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया।

मौके पर समाजसेवी अरुण कुमार सिंह ने कहा, ह्लअविनाश कुमार के मुख्य सचिव बनने से चांडिल राज्य को नई दिशा और गति मिलेगी। उनका अनुभव और ईमानदार प्रशासनिक कार्यशैली राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।ह्व

स्थानीय नागरिकों ने इसे राज्य के लिए गर्व का क्षण बताया।

इस अवसर पर संजय चौधरी,राजीव गुप्ता,परमानंद पसारी, बाबू पाल, बापी, साहेब सिंह,संजय हालदार, आदि काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

# नाला प्रखंड के केसोडीह में लक्ष्मी पूजा पर दो दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट संपन्न



**निजाम खान। राष्ट्र संवाद**

**नाला :** प्रखंड क्षेत्र के केसोडीह गांव में लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर दो दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया और खेल भावना तथा प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में जियालजोड़ी की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जामताड़ा को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, जामताड़ा उपविजेता घोषित हुआ। पूरे टूनामेंट के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी रही, जिसने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

समापन समारोह में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया और आयोजकों ने खेल को सामाजिक एकता और युवा ऊर्जा का प्रतीक बताया। मौके पर विपद महतो, सौरभ महतो, प्रणव रॉय, सुमीत रॉय, बिक्रम रॉय और मोहित महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी ने खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई की और इस तरह के आयोजन को ग्रामीण युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। टूनामेंट ने न केवल मनोरंजन का माहौल बनाया बल्कि खेल के प्रति युवाओं में नई ऊर्जा और जोश भी भर दिया।

# पत्रकारों पर दर्ज झूठे मुकदमों की होगी निष्पक्ष जांचः डीजीपी



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा,पत्रकार निर्भीक होकर करें पत्रकारिता, झारखण्ड में किसी निर्दोष पर नहीं होगी कार्रवाई।**

**पत्रकारों पर दर्ज झूठे मुकदमों की होगी निष्पक्ष जांच एवं मुकदमा दर्ज करने वाले जादूगोड़ा एवं बालूमाथ थाना प्रभारी के विरुद्ध JJA ने कार्रवाई की मांग की।**

**रांचीः** झारखण्ड में किसी निर्दोष पर नहीं होगी कार्रवाई, लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं पत्रकार, झारखण्ड में कैसी बेकसूर पत्रकार पर नहीं होगी कार्रवाई, उपरोक्त बातें झारखण्ड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आग झारखण्ड जर्नलिस्ट एसोसियेशन के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात के दौरान कहीं।डीजीपी ने कहा पत्रकार संगठनों को डिजिटल मीडिया के लिए कोड ऑफ कंडक्ट को लागू करवाना चाहिए। आज डीजीपी झारखण्ड से झारखण्ड जर्नलिस्ट एसोसियेशन के संस्थापक शाहनवाज हसन के नेतृत्व में १० सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर श्री हसन ने झारखण्ड के विभिन्न जिलों के चार पत्रकारों का मामला उठाया, जिनमें जादूगोड़ा के पत्रकार सुशील अग्रवाल,बालूमाथ के पत्रकार सुरेन्द्र गुप्ता, पूर्वी सिंहभूम के पत्रकार मणि शंकर भगत एवं धनबाद के पत्रकार अजीत सिन्हा शामिल हैं। जादूगोड़ा के पत्रकार पर थाना प्रभारी द्वारा साइबर अपराधियो को संरक्षण देने वाले व्यक्ति व्यक्ति के साथ मिलकर झूठा मामला दर्ज करने का आरोप है, जिसे डीजीपी ने गंभीरता से लेते हुए डीआईजी कोल्हान को मामले की जांच करने का निर्देश दिया है, वहीं बालूमाथ के पत्रकार सुरेन्द्र गुप्ता पर पिछले दिनों जानलेवा हमला खबर संकलन को लेकर किया गया था, हमलावर की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है, उल्टा सुरेन्द्र गुप्ता पर ही थाना प्रभारी और कोयला माफिया द्वारा मिलीभगत से झूठा मामला दर्ज किया गया है, डीजीपी ने मामले की निष्पक्ष जांच का आदेश दिया है, साथ ही जांच होने तक किसी भी कार्रवाई पर रोक लगाने की बात कही है। पूर्वी सिंहभूम जिले के पत्रकार मणि शंकर भगत पर मुखिया द्वारा भ्रष्टाचार को उजागर करने पर रउ/रळ का मामला दर्ज किया गया है, मणि शंकर ने डीजीपी के समक्ष प्रकाशित खबर एवं मुखिया द्वारा दर्ज की गई शिकायत की प्रति भी डीजीपी को सौंपी। पिछले दिनों दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान धनबाद के पत्रकार अजीत सिन्हा पर जानलेवा हमला करने वालों की डीजीपी से गिरफ्तारी की मांग की गई। इस अवसर पर श्री हसन ने कहा झारखण्ड पुलिस के डीजीपी के रूप में श्री गुप्ता के द्वारा पत्रकारों के साथ सदैव सहयोगात्मक रवैया रहा है, डीजीपी ने संघ द्वारा उठाए सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए न्यायसंगत कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आज डीजीपी से मिलने वालों में पत्रकार अजय पाण्डेय, पंकज सिंह, आकाश कुमार सोनी, सुशील अग्रवाल, मणि शंकर भगत, सुदीप सिंह बबलू ठाकुर एवं डब्ल्यू मिश्रा मुख्य रूप से शामिल थे।

# कुंडहित प्रखंड सभागार में कर्मयोगी अभियान के तहत समीक्षा बैठक संपन्न




**निजाम खान ।राष्ट्र संवाद**

**जामताड़ाः** प्रखंड सभागार में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विलेज लेवल एक्शन प्लान की एंट्री को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद जमाले राजा ने की। इस बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं संबंधित विभागों के कर्मी उपस्थित रहे।

बैठक में बीडीओ ने अभियान के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि कर्मयोगी अभियान का मुख्य लक्ष्य है – प्रशासन को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और जनसंपर्क आधारित बनाना। उन्होंने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत में चल रही योजनाओं की सटीक जानकारी दर्ज की जाए और विलेज लेवल एक्शन प्लान की एंट्री समय पर पूरी की जाए, ताकि विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि यह पहल गांवों में सुशासन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक के दौरान कर्मियों से फीडबैक भी लिया गया और तकनीकी समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। बीडीओ ने सभी से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ कार्य करें, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंच सके।

# प्रखंड विकास कार्यालय नाला के अनुसेवक स्व. सुजीत बाउरी के निधन पर शोक सभा आयोजित




**निजाम खान। राष्ट्र संवाद**

**जामताड़ा :** समाहरणालय सभागार में आज जिला प्रशासन की ओर से प्रखंड विकास कार्यालय, नाला के अनुसेवक स्व. सुजीत बाउरी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों और कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपायुक्त ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में जिला प्रशासन उनके परिवार के साथ है। उन्होंने स्व. बाउरी के समर्पण और कार्यनिष्ठा को याद करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

ज्ञात हो कि स्व. सुजीत बाउरी, प्रखंड विकास कार्यालय नाला में अनुसेवक के पद पर कार्यरत थे और 05 अक्टूबर 2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे उनका आकस्मिक निधन हो गया। शोक सभा में उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सत्यप्रकाश, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पंकज कुमार रवि, समाज कल्याण पदाधिकारी कलानाथ, जिला आपूर्ति पदाधिकारी कयूम अंसारी सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पलामू में पिता ने की पुत्र की निर्मम हत्या, आरोपी गिरफ्तार टांगी से गला काटकर उतारा मौत के घाट



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**पलामू।** जिले के पांकी थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक पिता ने अपने ही 18 वर्षीय पुत्र की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान सूरज कुमार के रूप में हुई है।

सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीम मौके पर पहुंची। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि हत्या का आरोप मृतक के पिता अमित कुमार ठाकुर पर है, जो घटना के बाद फरार हो गया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए करमाई घाटी के जंगल से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में अमित कुमार ठाकुर ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि पत्नी से पिछले एक वर्ष से अनबन चल रही थी और बेटा अपनी माँ के संपर्क में रहता था। इसी बात से आहत होकर उसने गुस्से में आकर ह्यटांगीह्ण से बेटे के गले पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी।

पुलिस ने आरोपी के बताए स्थान से हत्या में प्रयुक्त टांगी और खून से सने कपड़े (टी-शर्ट व गमछा) जब्त कर लिए हैं। इस संबंध में पांकी थाना में कांड संख्या 121/2025, धारा 103(1) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पलामू पुलिस ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी परिस्थिति में कानून को हाथ में न लें और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ मे धर्म सम्मेलन आज

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

परमानपुर चातुर्मास्य व्रत स्थल पर भारत के महान मनीषी संत श्री लक्ष्मी प्रपन्?न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में आज अखिल अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूणार्हुति शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे के बीच में संपन्न होगा। सप्त दिवसीय होने वाला कथा एवं स्वामी जी का कथा अंतिम दिवस 7 अक्टूबर 2025 को 8:00 बजे सुबह से शाम 6:00 बजे तक होगा।

अखिल अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन शाम 6:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक होगा। जिसके अवसर पर विशेष विशेष भोज भंडारा का भी आयोजन किया गया है। धर्म सम्मेलन में अलग-अलग जगह से कई दिव्य महापुरुष, संत, महात्मा, विद्वान शामिल होंगे।

1 अक्टूबर से चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में निरंतर श्री अयोध्या नाथ स्वामी जी, श्री बैकुंठ नाथ स्वामी जी, श्री मुक्तिनाथ स्वामी जी, श्री आनंद बिहारी शास्त्री जी के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा, वाल्मीकि रामायण, श्रीमद् भागवत गीता, श्री रामचरितमानस की कथा सप्ताह के रूप में श्रवण कराया जा रहा है। पूज्य श्री जीयर स्वामी जी का प्रवचन पिछले चार महीना से निरंतर अपने समय अनुसार चल रहा है। जिसका समापन श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ पूणार्हुति के साथ संपन्न होगा।

स्वामी जी ने कहा कि जीवन में चाहे परिस्थिति आपके अनुकूल रहे या प्रतिकूल रहे व्यक्ति को हर समय भगवान की आराधना एवं भक्ति करते हुए, अपने जीवन को आगे बढ़ाते रहना चाहिए। क्योंकि भगवान श्रीमन नारायण के अधीन प्रकृति है।

प्रकृति के अधीन संसार की गतिविधियां संचालित होती है। इसीलिए जो बड़े-बड़े ज्ञानी पुरुष होते हैं, वह हर परिस्थिति में भगवान की आराधना करते रहते हैं। धैर्यवान व्यक्ति वही है, जो हर समय अपने मन, बुद्धि, चित को एकाग्रचित बना करके रखते है। समय परिवर्तनशील है, इसीलिए कभी व्यवस्थाएं अनुकूल रहती है, कभी प्रतिकूल भी रहती है। लेकिन जो व?यक्ति अपने विचार, मन, आचरण को हर परिस्थिति में संयमित रखता हैं, वह इस संसार में रहते हुए भी संसारिक माया के बंधन से प्रभावित नहीं होता हैं।

## सार-संक्षेप

### आबकारी विभाग ने फिल्मी अंदाज में शराब माफिया बापी दास को किया गिरफ्तार

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

सरायकेला- खरसावां जिला के आदित्यपुर नगर निगम के अधीन गम्हरिया बाजार से रविवार देर रात आबकारी विभाग ने फिल्मी अंदाज में शराब माफिया बापी दास को गिरफ्तार किया था जिसे सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. आपको बता दें कि जिले के उपायुक्त के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने यह कार्रवाई की थी. बापी दास खुलेआम गम्हरिया बाजार में अवैध महुआ शराब की बिक्री कर रहा था इसकी सूचना लगातार उपायुक्त को मिल रही थी. हालांकि इस दौरान पैरवीकारों ने बापी को छुड़ाने का काफी प्रयास किया मगर विभाग ने किसी की एक न सुनी अंततः सोमवार को बापी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. बापी के खिलाफ हुए इस कार्रवाई के बाद इलाके के अवैध शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है. विभाग ने छापेमारी के दौरान करीब 20 लीटर अवैध महुआ भी बरामद किया है.

### मालाबार हिल स्थित सहयाद्रि गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की शिष्टाचार मुलाकात

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मालाबार हिल स्थित सहयाद्रि स्टेट गेस्ट हाउस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न मुद्दों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि वार्ता के दौरान विकास, सहयोग और प्रशासनिक अनुभवों के आदान-प्रदान पर भी विचार-विमर्श हुआ।

दोनों वरिष्ठ नेताओं ने एक-दूसरे के कार्यों की सराहना की और भविष्य में राज्य हित में पारस्परिक सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताई।

यह मुलाकात पूर्णतः शिष्टाचार भेंट के रूप में रही, जिसमें सौहार्द और आपसी सम्मान का वातावरण देखने को मिला।

### भाजपा राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग से शिष्टाचार भेंट, झारखंड की राजनीतिक स्थिति और संगठनात्मक रणनीति पर हुई चर्चा



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना, लद्दाख तथा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रभारी श्री तरुण चुग से आज शिष्टाचार मुलाकात की गई। इस अवसर पर उन्हें श्री हरमंदिर साहिब (अमृतसर साहिब) का चित्र भेंट किया गया।

बैठक के दौरान झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीति पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई।

श्री तरुण चुग ने झारखंड में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकताओं के मनोबल को ऊँचा रखने तथा निरंतर जनसेवा कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। उन्होंने झारखंड के सभी कार्यकताओं को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन के प्रति समर्पण और एकजुटता बनाए रखने का संदेश दिया।

### लक्ष्मी पूजा समिति का गठन, मनीष सिंह बने अध्यक्ष, सचिन जगन्नाथ महतो



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**चतराः** टंडवा प्रखंड के सरादु पंचायत के उपकापनी गांव के मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जगदीश महतो व संचालन पाली महतो ने किया। बैठक में लक्ष्मी पूजा धूमधाम से मनाए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, सचिव जगन्नाथ महतो, कोषाध्यक्ष तुलेश्वर यादव, उपाध्यक्ष पाली महतो, उप सचिव विजय कुमार एवं मीडिया प्रभारी अजय कुमार मौर्य बनाए गए। वही कार्यकारिणी में राजू कुमार विजय कुमार नंदकिशोर यादव प्रकाश राणा अशोक भुइंया किशोर रजक शंकर राणा पूजा समिति सदस्य राजू कुमार उर्फ राजा विजय कुमार श्रवन कुमार कुशवाहा जागेश्वर महतो सहित अन्य को बनाया गया। मौके पर शिवशंकर नयाक सुनील कुमार रंजीत कुशवाहा कर्म महतो भुनेश्वर महतो गोविंद राम आशीष कुमार किंकर कुमार प्रदीप कुमार मनोज कुमार सुधीर कुमार यादव दशरथ यादव अमन नायक बालेश्वर महतो शंकर महतो प्रयाग यादव सतीश भुइंया लुरक भुइंया दिलमती भुइंया समेत अन्य कई उपस्थित थे।



# 86 बस्तीवासियों को मालिकाना हक देने की मांग हुई तेज, विधायक पूर्णिमा साहू ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चुनावी वादों की दिलाई याद, शीघ्र निर्णय लेने की मांग की**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की 86 से अधिक बस्तियों के वासियों को मालिकाना हक प्रदान करने की दिशा में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर बस्तीवासियों को भूमि पर पूर्ण मालिकाना हक दिए जाने की मांग की है। उन्होंने इसे जनहित से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील व गंभीर मुद्दा बताया है। विधायक पूर्णिमा साहू ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि जमशेदपुर की इन बस्तियों में लाखों लोग कई दशकों से निवास कर रहे हैं और उनकी वर्षों से यह मांग रही है कि उन्हें उनके आवासीय भूमि पर मालिकाना हक मिले, ताकि उनका जीवन सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थिर बन सके। पत्र में उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा टाटा लीज




नवीकरण के दौरान वर्ष 2005 में नीतिगत निर्णय लेते हुए लगभग 1800 एकड़ भूमि इन 86 बस्तियों के लिए सुरक्षित रखी गई थी। इसके बाद वर्ष 2018 में तत्कालीन एनडीए सरकार ने बस्तीवासियों को 10-10 डिसमिल भूमि आवासीय उद्देश्य से लीज बंदोबस्ती की नीति बनाकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया था।

उन्होंने आगे कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस पार्टी ने भी पिछले विधानसभा चुनाव में अपने घोषणापत्र और चुनावी सभाओं में बस्तीवासियों को मालिकाना हक देने का स्पष्ट आश्वासन दिया था। नवंबर 2024 में जमशेदपुर में आयोजित एक चुनावी सभा में विधायक कल्पना सोरेन ने भी घोषणा की थी कि झामुमो की सरकार बनने पर बिरसानगर सहित सभी बस्तियों के निवासियों को मालिकाना हक प्रदान किया जाएगा।

पूर्णिमा साहू ने पत्र के साथ झामुमो-कांग्रेस नेताओं द्वारा मालिकाना हक देने के वादों से जुड़ी विभिन्न समाचारपत्रों की कटिंग भी संलग्न की है।

विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि वर्तमान में झामुमो नेतृत्व एक वाली गठबंधन सरकार सत्ता में है इसलिए यह उपयुक्त समय है कि चुनावी वादों को पूरा करते हुए बस्तीवासियों को उनका अधिकार दिया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि इस मुद्दे पर उन्होंने झारखंड विधानसभा के षष्ठम विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र 2025 के दौरान ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया था, लेकिन उस पर सरकार की ओर से कोई ठोस और स्पष्ट जवाब नहीं मिला।उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस मानवीय और जनहित के मुद्दे पर शीघ्र निर्णय लिया जाए और जमशेदपुर की 86 बस्तियों के वासियों को उनकी भूमि पर मालिकाना हक प्रदान किया जाए।

## जमशेदपुर में फिल्मी अंदाज में फायरिंग, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात - डिमना रोड के संजय पथ में मचा अफरातफरी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर:** मानगो डिमना रोड स्थित संजय पथ में उस वक्त दहशत का माहौल बन गया, जब अपराधियों ने एक घर के बाहर फिल्मी अंदाज में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। यह वारदात पूरी तरह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि मोहल्ले में उस वक्त कई लोग सड़क पर मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक—आस्था स्पेस टाउन निवासी टेका चौधरी और उसका साथी—तेजी से पहुंचे और तड़ीपार गुड्डू पांडेय के घर के बाहर



चार राउंड फायरिंग कर दी। गोली चलने से पूरे इलाके में भय और अफरातफरी का माहौल फैल गया।

फुटेज के मुताबिक, टेका चौधरी पहले बाइक से उतरता है, फिर गुड्डू पांडेय के घर के मुख्य गेट पर लगे कॉल बेल को दबाता है और गाली-गलौज करने लगता है। इसके बाद उसने पिस्टल निकालकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान उसने गुस्से में आकर सीसीटीवी कैमरे को भी निशाना बनाते हुए फायरिंग की।

गोली चलने की आवाज सुनते ही गुड्डू पांडेय के परिजन घबराकर घर के पिछले हिस्से से किसी तरह बाहर निकलकर जान बचाने में सफल रहे। वहीं, मोहल्ले में चीख-पुकार और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोग अपने-अपने घरों में दुबक गए और सड़कें सुनसान हो गईं।

घटना के बाद पीड़ित गुड्डू पांडेय के पिता बिजेंद्र पांडेय ने मानगो उलीडीह थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

## लद्दाख के लोगों की जायज मांगों के समर्थन और सोनम वांगचुक की अवैध हिरासत की निंदा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** लद्दाख के लोगों की जायज मांगों के समर्थन और सोनम वांगचुक की अवैध हिरासत की निंदा उपायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन

झारखंडी समाज, लद्दाख के लोगों और उनकी संवैधानिक व न्यायपूर्ण मांगों के साथ पूर्ण एकजुटता व्यक्त करते हैं। लद्दाख की जनता छठी अनुसूची, राज्य का दर्जा, और स्थायी रोजगार के अवसरों की मांग कर रही है, जो उनके मौलिक अधिकारों का हिस्सा हैं। केंद्र सरकार द्वारा इन मांगों की अनदेखी और लद्दाख के लोगों के साथ किए जा रहे अन्याय की कड़ी निंदा करते हैं।



, हम पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता श्री सोनम वांगचुक की अवैध हिरासत और लेह में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा किए गए क्रूर अत्याचारों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है, बल्कि पर्यावरण, धरती, और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे लोगों की आवाज को दबाने का प्रयास है।

सोनम वांगचुक और अन्य प्रदर्शनकारियों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई।

लद्दाख को छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक अधिकार और पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान किया जाए।

लद्दाख के बेरोजगार युवाओं के लिए स्थायी रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जाएं।

लद्दाख के प्रतिनिधियों के साथ तत्काल संवाद शुरू कर उनकी मांगों का न्यायपूर्ण समाधान किया जाए।

## मानगो पेयजलापूर्ति परियोजना के परिचालन पर सरयू राय ने जताया गंभीर असंतोष

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने पूर्वी जमशेदपुर के उपायुक्त को पत्र लिख कर मानगो में चल रही पेयजलापूर्ति परियोजना के परिचालन पर गंभीर असंतोष जताया है।

सरयू राय ने पत्र में लिखा है कि उनकी पहल पर पेयजल स्वच्छता विभाग के सचिव स्तर से हुए हस्तक्षेप के फलस्वरूप इंटेक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में नए पावर मोटर खरीदे गए, लगे भी पर इनका कार्य संतोषप्रद नहीं है। इनका परिचालन भी नियमानुकूल नहीं हो पा रहा है। बड़ा इलाका नियमित जलापूर्ति से वंचित है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन में



विसंगतियों की ओर उन्होंने कई बार ठोस संकेत किया पर हल नहीं निकल सका। घोषणा हुई कि दुर्गा पूजा- नवरात्रि के समय पेयजल की आपूर्ति बाधित नहीं होगी, पर ऐसा नहीं हो पाया। पर्व त्योहार में भी शिकायतें आती रहीं। आज यानी सोमवार की स्थिति यह थी कि दोपहर तक मानगो-उलीडीह के उन कई इलाकों में जलापूर्ति नहीं हुई, जिन इलाकों में पहले संतोषजनक जलापूर्ति हुआ करती थी। मानगो के अखाड़ा गली, लक्ष्मी नगर, गौड़ बस्ती, राधा कृष्ण मंदिर के पीछे तथा उलीडीह के रामकृष्ण कॉलोनी, बिरसा पथ, फुटबॉल मैदान के पीछे का इलाका, जवाहर नगर रोड नंबर 4, न्यू उलीडीह आदि स्थानों पर पहले पीने का पानी आता था पर कुछ दिनों से नहीं आ रहा है। इतना ही नहीं, जाकिर नगर, बगान शाही इलाकों की भी ऐसी ही स्थिति है। समता नगर का एक भाग पेयजल सुविधा से सर्वथा वंचित ही है।

श्री राय ने उपायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि आप समय-समय पर इस परियोजना की एवं अन्य परियोजनाओं की सघन समीक्षा करते हैं। अब इसका परिचालन नगर निगम के पास आ रहा है। ऐसी स्थिति में नगर निगम के पदाधिकारियों की भी इस परियोजना के परिचालन के संबंध में सजग रहने का दायित्व बनता है।

श्री राय ने पत्र में लिखा कि मानगो पेयजल आपूर्ति परियोजना एक महात्वाकांक्षी जनसुविधा परियोजना है जिसके संस्थापन पर ?125 करोड़ से अधिक व्यय हो चुका है, फिर भी परियोजना अधूरी है। मानगो के बालीगुमा क्षेत्र में पानी की टंकी बनकर कई साल से खड़ी है। पूरे इलाके में आपूर्ति पाइप लाइन बिछ गई है, पर कतिपय नगण्य सदृश कारणों से उपभोक्ता जलापूर्ति के लाभ से वंचित हैं।

इस मामले में पेयजल स्वच्छता विभाग के सिविल और मेकेनिकल विंग के अधिकारी एक दूसरे पर दोष मढ़ते रहते हैं।

## झारखंड सशस्त्र पुलिस-06 में तंबाकू नियंत्रण पर एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर:**सिविल सर्जन, पूर्वी सिंहभूम डॉ. साहिर पॉल के निर्देश पर झारखंड सशस्त्र पुलिस-06, सिदगोड़ा में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत COTPA-2003 एवं अन्य तंबाकू नियंत्रण कानूनों पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय धाउरिया ने पुलिसकर्मियों को तंबाकू नियंत्रण के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि 13 से 19 वर्ष के बच्चों को तंबाकू कंपनियां लक्षित करती हैं, इसलिए स्कूलों के 100 गज के दायरे में बिक्री प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि NRT दवाएं सभी प्रखंड स्तरीय दंत चिकित्सालयों में उपलब्ध हैं।

जिला परामर्शी मौसमी चटर्जी ने तंबाकू में पाए जाने वाले 4000 जहरीले तत्वों और उनके दुष्प्रभावों की जानकारी दी। वहीं कुंदन कुमार ने COTPA-2003 अधिनियम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि तंबाकू के दुष्परिणामों पर नियमित चर्चा समाज को जागरूक करने का प्रभावी तरीका है।कार्यक्रम में संजय मुंडा सहित पुलिसकर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तुलसी भवन में विजया मिलन सह महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन / तुलसी भवन द्वारा संस्थान के मानस सभागार में 'विजया मिलन समारोह ( काव्य कलश) सह आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य समिति की मार्गदर्शिका डॉङ्क रागिनी भूषण तथा संचालन श्रीमती नीलिमा पाण्डेय ने की । सरस्वती वंदना डॉङ्क वीणा पाण्डेय भारती एवं स्वागत भाषण मानद महासचिव डॉ० प्रसेनजित तिवारी ने प्रस्तुत किया । जबकि श्री अशोक पाठक स्नेही ने महर्षि वाल्मीकि का जीवन परिचय प्रस्तुत किया । कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन साहित्य समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉङ्क यमुना तिवारी व्यथित द्वारा किया गया । मौके पर अतिथिद्वय शिक्षाविद डॉङ्क मुदिता चंद्रा एवं संस्थान के न्यासी मुरलीधर केडिया सहित मानद महासचिव डॉङ्क प्रसेनजित तिवारी मंचासीन रहे ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्जवल, माँ दुर्गा एवं महर्षि



वाल्मीकि के तस्वीर पर पुष्पार्पण की गई।

तत्पश्चात काव्य पाठ के आरंभ में डॉङ्क वीणा पाण्डेय भारती, डॉङ्क संध्या सिन्हा, विन्ध्यवासिनी तिवारी, लक्ष्मी सिंह रुबी एवं रीना गुप्ता ने संयुक्त रुप से माता की आरती ₹जगदम्बा घर में दीयना बार अइलीं हे...₹ प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की । तदनुपरांत शहर के कुल 59 कलमकारों ने स्वरचित काव्य पाठ एवं माता का भजन प्रस्तुत किया । काव्य पाठ करने वालों में सर्वश्री/श्रीमती नीलाम्बर चौधरी, कैलाशनाथ शर्मा गाजीपुरी, डॉङ्क आशा गुप्ता, मंजू कुमारी, वीणा कुमारी नंदिनी, निवेदिता श्रीवास्तव, जय प्रकाश पाण्डेय , डॉङ्क उदय प्रताप हयात, विनोद बेगाना, सुदीप्ता जेठी राउत , ममता कर्ण मनस्वी, सुस्मिता मिश्रा, सविता सिंह मीरा, वसंत जमशेदपुरी, राजेन्द्र साह राज, रीना सिन्हा सलोनी, आरती श्रीवास्तव विपुला, हरभजन सिंह रहबर, सोनी सुगंधा, प्रेमलता कुमारी,भंजदेव देवेन्द्र कुमार 'व्यथित' , कवलेश्वर पाण्डेय , राजेन्द्र सिंह, हरिकिशन चावला, प्रतिभा प्रसाद कुमकुम, सूरज सिंह राजपूत, सुनील सैलानी, पूनम सिंह, रीना गुप्ता, राजीव कुमार सिंह, अरविन्द कुमार तिवारी, कमलेश उपाध्याय, नीता सागर चौधरी, नीलम पेड़ीवाल, विन्ध्यवासिनी तिवारी, लक्ष्मी सिंह रुबी, संतोष कुमार चौबे एवं यमुना तिवारी व्यथित प्रमुख रहे ।

जबकि तुलसी भवन कार्यकारिणी के विद्यासागर लाभ, साहित्य समिति के सचिव डॉङ्क अजय कुमार ओझा , अजय प्रजापति, हरि मित्तल, डॉङ्क अरुण कुमार शर्मा, हरिहर राय चौहान , क्षमाश्री दुबे, डॉङ्क सुनीता बेदी, सूर्या चौबे, अरुणा झा, अनीता सिंह , मुकेश रंजन एवं सुजय कुमार की उपस्थिति सराहनीय रही ।

## नवयुवक चेतना मंच द्वारा भव्य काली पूजा की तैयारी शुरू, मंगलवार को भूमि पूजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

गोलमुरी जॉगर्स पार्क स्थित नवयुवक चेतना मंच द्वारा इस वर्ष भव्य काली पूजा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के संयोजक अप्पू तिवारी ने बताया कि मंगलवार को पूजा पंडाल निर्माण हेतु भूमि पूजन संपन्न होगा। इस बार पूजा पंडाल निर्माण पर लगभग 3 लाख रुपये की लागत अनुमानित है।

पूजा समिति के मुख्य संरक्षक कमल किशोर, शिवशंकर सिंह और रत्नेश तिवारी हैं, जबकि मुख्य संयोजक की जिम्मेदारी दिनेश कुमार, कन्हैया सिंह और डॉ. कुंदन सिंह निभाएंगे। समिति



के संस्थापक मंटू तिवारी हैं।

संयोजक मंडल में बबुआ सिंह, अंजनी पांडेय, अप्पू तिवारी, पप्पू उपाध्याय, नागेश राव, बबलू प्रसाद, बलबीर मंडल, वीर सिंह, चिंटू सिंह, जे.पी. सिंह, सतीश मुखी, अंकित आनंद, राजेश कुमार (टुन्नू), रामेश्वर कुमार, बिनोद सिंह और अरुण शुक्ला शामिल हैं।

संरक्षक मंडल में दिलीप केशरी, डॉ. आर. कुमार, मनीष मिश्रा, उमेश प्रसाद, सुरेंद्र चौधरी, कमलेश दुबे, रविशंकर, संदीप चौबे, पवन ओझा, महाराणा प्रताप सिंह, सागर तिवारी और ऋषभ सिंह प्रमुख रूप से जुड़े हैं।

समिति के अध्यक्ष जय सिंह पप्पू, उपाध्यक्ष भगवान सिंह व निरंजन तिवारी, महासचिव धर्मवीर महतो और विशु सिंह हैं। सचिव आयुष कुमार एवं पार्थ झा, जबकि कोषाध्यक्ष रूपम कुमार और सूरज ओझा हैं।

कार्यकारिणी में विवेक दरिहारे, अमन कुमार, शिवा कुमार, आशीष कुमार, विनीत कुमार, अशोक राय, सौरभ सिंह, रौशन सिंह, आयुष, दीपक सिंह सहित अन्य नाम शामिल किए गए हैं।

## भाजपा नेता प्रेम झा के घर पर हुई चोरी की घटना पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने ली जानकारी, झामुमो-कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा के न्यू केबुल टाउन स्थित आवास पर जाकर उनके घर में घटी चोरी की घटना की जानकारी ली और ढांढस बंधाया। गौरतलब है कि बीते रविवार को तड़के सुबह प्रेम झा के घर में अज्ञात चोरों ने नगद राशि और दो मोबाइल फोन की चोरी कर ली थी, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है। इस दौरान डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी के साथ



जमशेदपुर महानगर के भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा भी मौजूद रहे।

मौके पर डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने शहर में बढ़ती चोरी की घटना पर चिंता जताई। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अब चोरों और अपराधियों में पुलिस का कोई भय नहीं रह गया है

वहीं, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा ने कहा कि भाजपा पार्टी नहीं, एक परिवार है और इस पार्टी रूपी परिवार में प्रत्येक कार्यकर्ता एक-दूसरे से आत्मीयता से जुड़ा होता है। जब पार्टी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी कार्यकताओं के सुख-दुःख में साथ खड़े होते हैं, तो हम सभी कार्यकताओं का साहस और आत्मविश्वास मजबूत होता है।

## सार-संक्षेप

### डायन और बलि प्रथा अंधविश्वास, परमात्मा की भक्ति ही सच्चा मार्ग :आनंद मार्ग प्रचारक संघ



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से शहर के विभिन्न स्थानों पर डायन प्रथा, बलि प्रथा और ओझागुणी जैसे अंधविश्वासों के खिलाफ लोगों को जागरूक किया गया।

संघ के सुनील आनंद ने कहा कि देवी-देवताओं के नाम पर जीव बलि महापाप है। परमात्मा भक्ति से प्रसन्न होते हैं, किसी वस्तु से नहीं। तंत्र-मंत्र से किसी को हानि नहीं पहुँचाई जा सकती, यह सब अंधविश्वास है।

उन्होंने कहा कि समाज से बलि और डायन प्रथा खत्म करने के लिए लोगों को वैज्ञानिक, व्यावहारिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से शिक्षित करना होगा। परमात्मा हर मनुष्य के भीतर वास करते हैं, और भक्ति व कीर्तन से ही मनुष्य को मानसिक शक्ति व आत्मबल मिलता है।

सुनील आनंद ने अपील की कि लोग ओझा-गुणी के चक्कर में न पड़ें, बीमार होने पर अस्पताल जाएँ और अंधविश्वास से दूर रहकर समाज को जागरूक करें।

### नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह पर उंगली उठाना नाइंसाफी- राकेश साहू

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष परविंदर सिंह को कर्मठ, जुझारू और ईमानदार नेता बताया। उन्होंने कहा कि परविंदर सिंह के नेतृत्व में जिला में कांग्रेस संगठन और मजबूत होगा। साहू ने याद किया कि 2007 में जब उन्हें एक बड़े कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, तब उन्होंने अपना सोना बेचकर कार्यक्रम सफल बनाया था। उन्होंने कहा कि ऐसे समर्पित और निष्ठावान नेता पर किसी व्यक्ति द्वारा उंगली उठाना नाइंसाफी है। राकेश साहू ने बताया कि परविंदर सिंह ने 1999 में कांग्रेस छात्र विंग से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी और निरंतर संगठन के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व का निर्णय सही है और उनके मार्गदर्शन में जमशेदपुर पूर्वी-पश्चिमी विधानसभा एवं लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को विजय मिलेगी।

### NFSA कार्डधारियों से 7 अक्टूबर तक खाद्यान्न उठाव करने की अपील, प्रशासन ने जारी किए निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले सभी राशन कार्डधारियों से जिला प्रशासन ने अपील की है कि वे सितंबर 2025 माह का खाद्यान्न 7 अक्टूबर 2025 तक अवश्य उठा लें।

प्रशासन ने जिले के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि पात्र कार्डधारियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए और वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाए।

साथ ही, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी पात्र लाभुक खाद्यान्न से वंचित न रहे।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर खाद्यान्न उठाव कर लें, ताकि आगामी माह के वितरण कार्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### लिव-इन रिलेशन में रह रहे युवक ने की आत्महत्या, महिला हिरासत में

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर।** मानगो थाना अंतर्गत टीचर्स कॉलोनी में रविवार को एक 26 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अभिषेक कुमार शर्मा के रूप में हुई है, जो पूजा पांडे नामक विवाहित महिला के साथ लिव-इन रिलेशन में रह रहा था।

सूचना मिलते ही मानगो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों ने बताया कि पूजा पांडे विवाहित है और उसके दो बच्चे भी हैं। पिछले कुछ महीनों से अभिषेक अपने घर छोड़कर महिला के साथ टीचर्स कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहा था। परिजनों ने आरोप लगाया कि महिला युवक को प्रताड़ित कर रही थी, जिसके चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

फिलहाल पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है।

### रक्तदान शिविर में 162 यूनिट रक्त एकत्रित, पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** 5 अक्टूबर 2025 को आयोजित रक्तदान शिविर में 162 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, बीजेपी प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, जेएमएम प्रवक्ता कुणाल सारंगी, समाजसेवी शिव शंकर सिंह, बंटी सिंह, चेयरमैन जिला परिषद बारी मुर्मू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए रक्तदाताओं और अतिथियों को पौधा, बैग और बॉटल भेंट किए गए।

एनजीओ के सदस्य सूरज कुमार, प्रशांत सिन्हा, विशाल कुमार, कुणाल शर्मा, अमन कुमार, अभिषेक कुमार, गोपाल सिंह, पंकज सिंह, कृष्ण मोहन सहित अन्य सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### विधानसभा उपचुनाव की घोषणा, 11 नवंबर को मतदान आचार संहिता प्रभावी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने 45-घाटशिला (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। इस संबंध में समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी।घोषित कार्यक्रम के अनुसार अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी होगी, नामांकन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर, नामांकन जांच 22 अक्टूबर, उम्मीदवारों की नाम वापसी 24 अक्टूबर, मतदान 11 नवंबर, मतगणना 14 नवंबर तथा पूरी निर्वाचन प्रक्रिया 16 नवंबर तक संपन्न होगी।

## संपादक की कलम से

# डॉ. संजीव कुमार का राजद का दामन थामना जदयू के भीतर बढ़ते असंतोष का संकेत

**देवानंद सिंह**




राजनीति अक्सर आग में जलती लकड़ी की तरह होती है, जिसे झोंक दो, तो लौ बढ़ती है, हवा बदलो, तो स्वरूप भी बदल जाता है। बिहार की राजनीति में ऐसी ही एक लपट इन दिनों परबत्ता से उठकर पटना तक पहुंच गई है। इस लपट का नाम है डॉ. संजीव कुमार। एक चिकित्सक से विधायक बने युवा नेता, जिन्होंने तीन अक्टूबर को जनता दल (यूनाइटेड) छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का दामन थाम लिया। यह कदम महज एक पार्टी परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार की राजनीतिक ट्यूनिंग में आई नई ताल है, जहां जातीय समीकरण, स्थानीय हित और सत्ता की रणनीति, सब मिलकर एक नया नक्शा खींच रहे हैं।

पहली नजर में डॉ. संजीव का परिचय साधारण प्रतीत होता है। वह 2020 में परबत्ता से विधायक चुने गए, पेशे से डॉक्टर, और चार बार के विधायक व पूर्व मंत्री रामानंद प्रसाद सिंह के पुत्र हैं। पर इस साधारण जीवनी के पीछे एक असाधारण राजनीतिक कहानी छिपी है। अपने पिता की विरासत के साथ-साथ डॉ. संजीव को स्थानीय प्रभाव, महत्वाकांक्षा और सत्ताधारी ढांचे से टकराने की प्रवृत्ति भी विरासत में मिली। यही टकराव बार-बार उन्हें पार्टी लाइन से बाहर खड़ा करता रहा और अंततः एक नए राजनीतिक घर की ओर धकेल गया।

संजीव कुमार का राजनीतिक सफर उन चुनिंदा नेताओं में गिना जा सकता है, जो अपने शुरूआती कार्यकाल में ही बागी छवि अर्जित कर लेते हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान जब उन्होंने खुलेआम कहा कि गरीबों और मजदूरों के नाम सूची से गायब कर दिए जा रहे हैं, तो यह महज प्रशासनिक टिप्पणी नहीं थी, बल्कि पार्टी नेतृत्व की संवेदनशीलता पर भी प्रश्न था। इस बयान ने सत्ता पक्ष की असहजता को बढ़ा दिया और संजीव को उस पंक्ति में खड़ा कर दिया, जहां पार्टी अनुशासन और लोकतांत्रिक असहमति के बीच की रेखा धुंधली पड़ जाती है, लेकिन असल मोड़ तब आया जब फरवरी 2024 के फ्लोर-टेस्ट के दौरान उन पर आरोप लगे कि वे जदयू विधायकों को विपक्षी पाले में लाने की कोशिश कर रहे थे। इस आरोप ने उनके राजनीतिक करियर में एक स्थायी छाया डाल दी। पार्टी के अंदर से विरोध के स्वर उठे, सुधांशु शेखर जैसे सहयोगियों ने उन पर खरीद-फरोख्त में शामिल होने तक का आरोप लगाया। आर्थिक अपराध इकाई ने जांच शुरू की, जो आज भी जारी है। इस प्रकरण ने संजीव को बागी विधायक की संज्ञा दे दी, और यह उपाधि किसी भी पार्टी के भीतर लंबी उम्र नहीं रखती।

राजनीति में संजीव कुमार का अंदाज सीधे और सख्त सवालों का रहा है। गंगा नदी पर पुलों के बार-बार ढहने का मुद्दा हो, या खगड़िया के बुनियादी ढांचे में भ्रष्टाचार की बात, वे लगातार सरकार और नौकरशाही दोनों पर प्रहार करते रहे। उनके भाषणों में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर स्थानीय मेडिकल कॉलेज और बिजली सब-स्टेशन जैसे सार्वजनिक प्रोजेक्टों का श्रेय अपने क्षेत्र के नाम जोड़ने की जिद तक दिखाई देती रही, पर यही बेबाकी अक्सर पार्टी के भीतर असहजता का कारण बनी। संगठन और सरकार के बीच सामंजस्य की जो लकीर बिहार की राजनीति में बहुत नाजुक होती है, संजीव बार-बार उसी लकीर को पार करते दिखे। नतीजा यह हुआ कि स्थानीय स्तर पर उनका जनाधार तो बढ़ता गया, लेकिन पार्टी नेतृत्व उनसे दूर होता गया। अब सवाल उठता है कि आखिर क्यों राजद? सतही तौर पर जवाब सीधा है, राजनीति में अवसर वही पकड़ता है, जो समय पहचान ले, लेकिन यह सिर्फ अवसर की कहानी नहीं, बल्कि कारणों और परिस्थितियों का एक गहन जाल है।

संजीव कुमार की तेजस्वी यादव के प्रति झुकाव अचानक नहीं आया। उनके परिवार का कांग्रेस और महागठबंधन के नेताओं से पुराना परिचय रहा है। उनके भाई, कांग्रेस एमएलसी राजीव कुमार, पहले से महागठबंधन के संपर्क में रहे हैं। यह पारिवारिक समीकरण राजनीतिक पुल का काम करता है। दूसरा, परबत्ता सीट का अपना जातीय ताना-बाना है। यहां भूमिहार, ओबीसी, ईबीसी और एससी वोटों का संतुलन निर्णायक भूमिका निभाता है। राजद पारंपरिक रूप से यादव-मुस्लिम समीकरण पर टिकी पार्टी रही है, लेकिन भूमिहार वोट बैंक तक उसकी पहुँच सीमित रही है। ऐसे में, डॉ. संजीव जैसे भूमिहार नेता का साथ मिलना राजद के लिए सिर्फ एक विधायक का लाभ नहीं, बल्कि एक सामाजिक विस्तार का अवसर है।

उनकी मौजूदगी राजद को न सिर्फ परबत्ता में, बल्कि पूरे खगड़िया-बेगूसराय बेल्ट में जातीय सन्तुलन साधने में मदद कर सकती है। यह वही इलाका है, जहां भूमिहार और पिछड़ी जातियों का साझा नेतृत्व लंबे समय से टूटता-बनता रहा है। ऐसे में, संजीव का आगमन एक बैलेंसिंग एजेंट की तरह है, जो भूमिहार प्रतिष्ठा के साथ-साथ गरीब तबकों की राजनीतिक आवाज को भी जोड़ सकता है। राजनीतिक अर्थशास्त्र के दृष्टिकोण से देखें तो यह डिफेक्शन कोई अचानक की गई घुसपैठ नहीं, बल्कि एक योजनाबद्ध कदम है। राजद अब केवल पारंपरिक जाति समीकरणों से नहीं, बल्कि स्थानीय प्रभावशाली चेहरों के सहारे अपने क्षेत्रीय विस्तार की रणनीति पर काम कर रही है। पश्चिम और उत्तर बिहार में उसका लक्ष्य है, जातीय गोलबंदी से आगे बढ़कर स्थानीय विकास और नेतृत्व के भरोसे वोटों का समेकन।

पर सवाल यही है कि क्या एक व्यक्ति के दल बदलने से वोट बैंक शिफ्ट होता है? इतिहास कहता है कि बिहार में ऐसा बहुत कम हुआ है। भूमिहार समाज पारंपरिक रूप से स्थायी राजनीतिक निष्ठा नहीं रखता, वे उसी ओर झुकते हैं, जहां उन्हें नेतृत्व और सम्मान की गारंटी दिखे। संजीव ने अपने कार्यकाल में विकास के ठोस उदाहरण पेश किए। ऐसे में, उनकी स्थानीय छवि मजबूत है। पर यह देखना बाकी है कि क्या यह लोकप्रियता वोटों में तब्दील हो सकेगी।

जदयू के लिए यह नुकसान सिर्फ एक विधायक के खोने का नहीं, बल्कि संगठन के भीतर बढ़ते असंतोष का भी संकेत है। पार्टी प्रवक्ताओं ने संजीव पर पार्टी-विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया और उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया। पर इस औपचारिक कार्रवाई के पीछे असली चिंता यह है कि क्या नीतीश कुमार का संगठन अब असहमति को संभालने की क्षमता खो रहा है? यह सवाल इसलिए भी अहम है, क्योंकि बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार का चेहरा स्थिरता और अनुशासन का प्रतीक रहा है। अगर उनके ही दल में युवा नेता असंतोष के चलते पलायन करने लगें, तो यह न केवल पार्टी की आंतरिक संरचना पर सवाल है, बल्कि 2025 के विधानसभा चुनाव के लिए गंभीर चेतावनी भी है। संजीव कुमार पर चल रही ईओयू जांच भी इस कहानी का अहम हिस्सा है। राजनीति में जांच एजेंसियों का इस्तेमाल अक्सर दोधारी तलवार की तरह होता है। संजीव इस जांच को अपने राजनीतिक उत्पीड़न के नैरेटिव में बदल सकते हैं, मैं जनता की आवाज उठा रहा था, इसलिए मुझ पर कार्रवाई की जा रही है।

यह नैरेटिव भावनात्मक असर पैदा करता है, खासकर तब जब मतदाता खुद प्रशासनिक अन्याय से असंतुष्ट हों, लेकिन कानूनी प्रक्रिया की अपनी गंभीरता है। आरोप जब तक सिद्ध नहीं होते, तब तक वे राजनीतिक हथियार भर हैं, पर जोखिम भरे भी। अगर, जांच में ठोस सबूत मिले, तो वही नैरेटिव पलट सकता है। राजद के लिए संजीव कुमार का आगमन उत्साहजनक जरूर है, पर आसान नहीं। परबत्ता जैसी सीटों पर मुकाबला बेहद करीबी होता है।

# हरियाणा शिक्षक स्थानांतरणः नीति, प्रक्रिया और उलझन

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



हरियाणा में शिक्षक स्थानांतरण और पदस्थापन की प्रक्रिया वर्षों से विवादों और असंतोष का कारण रही है। शिक्षक और कर्मचारी यह महसूस करते हैं कि नीतियाँ जितनी स्पष्ट घोषणाओं में दिखाई देती हैं, उतनी ही वास्तविकता में जटिल और उलझी हुई हैं। यह मामला केवल कर्मचारियों के हित का नहीं है, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की पारदर्शिता, निष्पक्षता और गुणवत्ता से जुड़ा हुआ है।

जब वित्त विभाग से किसी पद की स्वीकृति मिल जाती है, तब भी कई बार स्थानांतरण प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब हो जाता है। ऐसा बजट संबंधी बाधाओं, दस्तावेजी प्रक्रियाओं या प्रशासनिक स्तर पर बार- बार अनुमोदन की अनावश्यकता के कारण होता है। इस विलंब से केवल प्रक्रिया धीमी नहीं होती, बल्कि नीति के उचित और समय पर पालन में बाधा आती है। कर्मचारी महीनों तक अनिश्चितता में रहते हैं, जिससे उनका मनोबल गिरता है और शिक्षा प्रणाली की दक्षता प्रभावित होती है।

दंपत्ति मामलों में, जहाँ शिक्षक अपने जीवनसाथी के साथ पदस्थापन चाहते हैं, पहले से लंबित मामलों के बावजूद पुनः जांच और अनुमोदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। इससे कर्मचारी अनावश्यक असुविधा में पड़ते हैं और यह नीति की जटिलता को स्पष्ट करता है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि प्रशासन कई बार प्रक्रिया को जानबूझकर लंबा खींचता है।

स्थानांतरण रोकने वाले पक्षों की बात करें, तो इसमें कई स्तर शामिल हैं। लंबे समय से किसी स्थान पर तैनात कर्मचारी अपने स्थान से हटना नहीं चाहते। संघ और संगठन अपने सदस्यों के हित की रक्षा के लिए हस्तक्षेप करते हैं। इसके अलावा, प्रशासन भी अनुभवी कर्मचारियों को संवेदनशील पदों पर लंबे समय तक बनाए रखना पसंद करता है। इन सभी कारकों के कारण स्थानांतरण प्रक्रिया अक्सर संतुलित और निष्पक्ष नहीं होती।

शिक्षा मंत्री ने प्रेस में कहा था कि मध्य-अवधि स्थानांतरण लागू होंगे, लेकिन वास्तविकता में इसका कोई प्रभाव नजर नहीं आता। यह विरोधाभास कर्मचारियों में भ्रम और असंतोष पैदा करता है। घोषणाओं और वास्तविक कार्यान्वयन के बीच यह अंतर यह संदेश देता है कि केवल बयानों से नीति लागू नहीं होती।

**वित्त विभाग की मंजूरी, स्थानांतरण में देरी, दंपत्ति मामलों, मध्य-अवधि स्थानांतरण, ऑनलाइन प्रणाली, नई नियुक्तियाँ, प्रत्यायोजन और निष्पक्षता के बहाने**

फाइनेंस विभाग से अतिरिक्त भत्ते की मंजूरी होने के बावजूद फाइलों का बार-बार लंबित रहना कर्मचारियों में भ्रम पैदा करता है। दंपत्ति मामलों में पहले से चल रहे मामलों के बावजूद पुनः प्रक्रिया शुरू होना यह संकेत देता है कि नीति जानबूझकर जटिल बनाई जाती है, जिससे निर्णय बाधित हों। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मध्य-अवधि स्थानांतरण का कोई प्रभाव नहीं होगा, लेकिन जमीन पर इसका असर नहीं दिखाई देता। इन सभी कारणों से शिक्षक असंतोष में हैं और वे चाहते हैं कि स्थानांतरण प्रक्रिया स्पष्ट, समयबद्ध और निष्पक्ष हो, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता और संतुलन बनाए रखा जा सके। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया था कि मध्य-अवधि स्थानांतरण का कोई प्रभाव नहीं होगा, लेकिन वास्तविकता में प्रशासन इसे अक्सर बहाना बनाने के तरीके के रूप में इस्तेमाल करता है। केवल पारदर्शी, समयबद्ध और निष्पक्ष प्रक्रिया ही शिक्षक और छात्रों के हित में स्थिरता और गुणवत्ता सुनिश्चित कर सकती है।

अन्य विभागों में ऑनलाइन स्थानांतरण प्रणाली सहज रूप से लागू हो रही है, जबकि शिक्षा विभाग में यह प्रक्रिया धीमी और जटिल बनी हुई है। इसका कारण केवल तकनीकी कठिनाई नहीं है। प्रशासनिक प्रतिरोध, पारंपरिक कार्य संस्कृति और स्थानीय अधिकारियों की प्राथमिकताएँ इसमें योगदान करती हैं। जब तक सभी पक्ष पारदर्शिता और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित नहीं करेंगे, ऑनलाइन प्रणाली प्रभावी नहीं हो सकती।

नई नियुक्तियों के समय पर्याप्त स्थान उपलब्ध होने के बावजूद स्थानांतरण में देरी होती है। इससे प्रश्न उठता है कि क्या कर्मचारियों को जानबूझकर दूर भेजा जा रहा है या कुछ को सुविधा दी जा रही है। आने वाले वर्ष में जनगणना के कारण स्थानांतरण न होने की संभावना इस प्रश्न को और गंभीर बना देती है।

प्रत्यायोजन की प्रथा भी समस्या बनी हुई है। इसके तहत अपने कर्मचारियों को विशेष पदों या स्थानों पर समायोजित किया जाता है। यह न केवल पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्न उठाता है, बल्कि पक्षपात और प्रशासनिक भेदभाव को भी बढ़ावा देता है। यदि समय रहते इसे रोका और सुधारात्मक कदम उठाए जाएँ, तो शिक्षक और विभाग दोनों को लाभ होगा।

इन सभी जटिलताओं के बावजूद शिक्षक समुदाय चाहता है कि नीति स्पष्ट, समयबद्ध और निष्पक्ष हो। केवल घोषणाओं और प्रेस विज्ञप्तियों से समाधान नहीं होगा। आवश्यकता है कि प्रशासन ऑनलाइन प्रणाली को प्रभावी बनाए, पक्षपात और व्यक्तिगत लाभ पर आधारित निर्णयों को रोके। शिक्षक और छात्र यह विश्वास रखें कि स्थानांतरण प्रक्रिया शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता और संतुलन बनाए रखने के लिए है, न कि किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए।

हरियाणा में शिक्षक स्थानांतरण नीति केवल जटिल और उलझी हुई नहीं है, बल्कि इसका कार्यान्वयन भी संतुलित और निष्पक्ष नहीं है। प्रशासनिक देरी, अनावश्यक अनुमोदन, पक्षपात और तकनीकी बाधाओं के कारण शिक्षक असंतोष में हैं। इसके परिणामस्वरूप शिक्षा प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

सरकार को चाहिए कि वह स्पष्ट नियमावली और नीति लागू करे, समयबद्ध और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करे, ऑनलाइन प्रणाली को प्रभावी बनाए, और पक्षपात तथा व्यक्तिगत लाभ पर आधारित निर्णयों को रोके। तभी शिक्षक अपने कार्य में संतुष्ट रह पाएँगे और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। अन्यथा यह प्रक्रिया केवल विवाद, असंतोष और भ्रम का स्रोत बनी रहेगी।

हरियाणा सरकार के सामने यह चुनौती है कि वह शिक्षक स्थानांतरण प्रक्रिया में स्थिरता, न्याय और पारदर्शिता सुनिश्चित करे। तभी शिक्षा प्रणाली का वास्तविक उद्देश्य झ गुणवत्ता, संतुलन और विद्यार्थियों के हित झ पूरा हो सकेगा।

हरियाणा में शिक्षक स्थानांतरण नीति केवल जटिल और उलझी हुई नहीं है, बल्कि इसका कार्यान्वयन भी संतुलित और निष्पक्ष नहीं है। वित्त विभाग से अनुमोदन मिलने के बावजूद विलंब, दंपत्ति मामलों में पुनः प्रक्रिया, और प्रत्यायोजन के माध्यम से पक्षपात जैसी समस्याएँ लगातार बनी हुई हैं। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया था कि मध्य-अवधि स्थानांतरण का कोई प्रभाव नहीं होगा, लेकिन वास्तविकता में प्रशासन इसे अक्सर बहाना बनाने के तरीके के रूप में इस्तेमाल करता है। केवल पारदर्शी, समयबद्ध और निष्पक्ष प्रक्रिया ही शिक्षक और छात्रों के हित में स्थिरता और गुणवत्ता सुनिश्चित कर सकती है।

# ताकि दवा जहर बन फिर से मासूमों की मौत न बने

**ललित गर्ग**



दो राज्यों राजस्थान और मध्य प्रदेश में कफ सिरप से जुड़ी बच्चों की मौत की घटनाएं देश की दवा नियामक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। यह केवल एक चिकित्सा त्रुटि या आकस्मिक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस तंत्र की विफलता का प्रतीक है जिस पर जनता अपने जीवन की रक्षा के लिए भरोसा करती है। दवा जैसी जीवनदायी वस्तु में भी जब लालच, लापरवाही या भ्रष्टाचार घुसपैठ कर जाते हैं तो वह अमृत भी विष बन जाता है। बच्चों की मासूम जानें जब घटिया या मिलावटी दवा के कारण चली जाती हैं, तो यह केवल परिवारों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की नैतिकता एवं विश्वास की मृत्यु होती है। कफ सिरप में पाए गए विषैले तत्व-जैसे डाइएथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल, पहले भी कई देशों में सैकड़ों बच्चों की जान ले चुके हैं। फिर भी बार-बार ऐसे हादसे होना इस बात का प्रमाण है कि भारत की दवा नियामक व्यवस्था में संरचनात्मक खामियां बनी हुई हैं। सवाल है कि पिछली गलतियों से क्या सीखा गया? भारत में बने कफ सिरप पहले भी सवालों में आ चुके हैं। 2022 में गाम्बिया में कई बच्चों की मौत के बाद डब्ल्यूएचओ ने एक भारतीय कंपनी के कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की थी। इसके बाद भी कई और जगहों से इसी तरह की शिकायत आई।

दवाओं के उत्पादन में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है। करीब 200 देशों में यहां से दवाएं निर्यात होती हैं और जेनेरिक दवाएं सबसे ज्यादा यहीं बनती हैं। इन उपलब्धियों के बीच इन दो प्रमुख राज्यों में कफ सिरप की वजह से बच्चों की मौत शर्मनाक एवं त्रासदीपूर्ण है। इससे स्पष्ट है कि दवा के क्षेत्र में जिस तरह की निगरानी, मानक और सुरक्षा उपायों की जरूरत है, उसमें कोताही बरती जा रही है। दवा के रूप में जहर धडल्ले से मासूमों की मौत का कारण बन रहा है। इस घटना सामने आने के बाद कार्रवाई का दौर भले ही जारी है। दवाएं वापस ली गई हैं, केस दर्ज हुआ है और नैशनल रेगुलेटर अथॉरिटी ने कई राज्यों में जांच की है। इन घटनाओं से साफ है कि दवा निर्माण की प्रक्रिया में कच्चे माल के स्रोत से लेकर तैयार उत्पाद की गुणवत्ता जांच तक हर स्तर पर लापरवाही व्याप्त है। कई कंपनियां लागत घटाने के लिए औद्योगिक ग्रेड के सॉल्वेंट या रसायनों का प्रयोग कर लेती हैं जो मानव उपभोग के लिए निषिद्ध होते हैं। वहीं निरीक्षण और परीक्षण की सरकारी व्यवस्था न केवल कमजोर है बल्कि अक्सर प्रभावशाली कंपनियों के दबाव में निष्क्रिय भी हो जाती है। राज्य और केंद्र स्तर के दवा-नियामक विभागों में पर्याप्त संसाधन और तकनीकी क्षमता का अभाव है, जिससे समय पर निगरानी और सैंपल परीक्षण संभव नहीं हो पाता। जब निरीक्षण औपचारिकता बन जाए और रिपोर्टें खरीद-फरोख्त की वस्तु बन जाएं, तब ऐसी त्रासदियां स्वाभाविक हैं। तमिलनाडु की दवा कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के ह्यकोल्ड्रिफह्ण कफ सिरप के नमूने में 48.6 प्रतिशत डाई एथिलीन ग्लाइकॉल मिला है, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार इसकी मात्रा 0.10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह एक खतरनाक इंडस्ट्रियल केमिकल है, जिसका इस्तेमाल गाड़ियों और मशीनों में होता है। इसकी वजह से पीड़ित बच्चों की किडनी फेल हो गई।

इन घटनाओं ने न केवल स्वास्थ्य प्रशासन की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाई है बल्कि भारत की वैश्विक छवि पर भी धब्बा लगाया है। पिछले वर्षों में अफ्रीकी देशों में भी भारतीय सिरप से हुई मौतों के बाद कई देशों ने हमारे फार्मा उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया था। अब घरेलू स्तर पर घटित ऐसी घटनाएं यह दशार्ती हैं कि हमने उन हादसों से कोई सबक नहीं लिया। दुनिया के सबसे बड़े जेनेरिक दवा उत्पादक देश के रूप में भारत को यह मानना होगा कि केवल उत्पादन की मात्रा नहीं, बल्कि गुणवत्ता ही हमारी असली ताकत होनी चाहिए। इस संकट का सबसे पीड़ादायक पहलू यह है कि इसका शिकार वे मासूम बच्चे बने जिनकी प्रतिरोधक क्षमता अभी विकसित नहीं हुई थी और जिनकी जीवन रक्षा का उत्तरदायित्व समाज और राज्य पर है। इन मौतों की नैतिक जिम्मेदारी केवल दोषी कंपनियों पर नहीं, बल्कि उस पूरे तंत्र पर है जिसने नियमन और नैतिकता की आंखें मूंद लीं। दवाओं में मिलावट या गलत प्रमाणपत्र देना कोई साधारण अपराध नहीं बल्कि मानवता के खिलाफ किया गया घोर अपराध है। इस पर कड़े से कड़ा दंड होना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी निमार्ता या अधिकारी ऐसी हरकत करने से पहले सौ बार सोचे।

भारत के फार्मास्युटिकल मार्केट का आकार लगभग 60 अरब डॉलर है। इसका बड़ा हिस्सा छोटी कंपनियों के पास है। सीडीएससीओ ने इस साल अप्रैल की अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ज्यादातर छोटी और मझोली कंपनियों की दवाएं जांच में तयशुदा मानक से कमतर पाई गईं। इस जांच में 68 प्रतिशत एमएसएमई फेल हो गई थीं। इससे पहले, जब केंद्रीय एजेंसी ने 2023 में जांच की, तब भी 65 प्रतिशत कंपनियों की दवाएं सब-स्टैंडर्ड मिली थीं। प्रश्न है कि यह तथ्य सामने आने के बाद आखिर सरकार क्या सोच कर इन दवाओं को बाजार में विक्रय क्यों जारी रहने दिया? क्यों ऐसे हादसे होने दिये जाते रहे? यह आवश्यक है कि दवा उद्योग में कच्चे माल की ट्रेसबिलिटी सुनिश्चित की जाए, हर बैच की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हो और दवाओं के मानक अंतरराष्ट्रीय स्तर के हों। केंद्र और राज्य सरकारों को ड्रग इंस्पेक्टरों की संख्या और प्रयोगशालाओं की क्षमता बढ़ानी चाहिए। हर कंपनी के लाइसेंस नवीनीकरण के समय उसकी पिछली गुणवत्ता रिपोर्ट और परीक्षण परिणामों की समीक्षा की जानी चाहिए। जिन कंपनियों ने सुरक्षा मानकों का उल्लंघन किया है, उनके लाइसेंस तत्काल रद्द कर दिए जाने चाहिए और शीर्ष प्रबंधन को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। केवल प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं, बल्कि इन मामलों में आपराधिक जिम्मेदारी तय करना भी जरूरी है। इसके साथ ही चिकित्सा जगत और समाज को भी आत्मचिंतन करना चाहिए। डॉक्टरों को यह समझना होगा कि शिशुओं को ओटीसी- ऑवर दी कॉउन्टर दवाएं देना कितना खतरनाक हो सकता है। सरकार द्वारा जारी परामर्श और चेतावनियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। मीडिया को भी सनसनी से ऊपर उठकर जनता को जागरूक करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। इन त्रासदियों को केवल समाचार बनाकर भुला देना नहीं, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य-सुधार के आंदोलन में बदलना समय की मांग है।

क्योंकि सरकारी अनुमान से इस साल देश का दवा निर्यात 30 अरब डॉलर को पार कर जाएगा। वहीं, 2030 तक फार्मा मार्केट के 130 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। लेकिन, इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। दवाओं की जांच और निगरानी अभी तक की कमजोर कड़ी साबित हुई है। केंद्रीय और राज्य की नियामक एजेंसियों को ज्यादा बेहतर तालमेल के साथ, पारदर्शिता, ईमानदारी और ज्यादा तेजी से काम करने की जरूरत है, क्योंकि यह मामला केवल इकॉनमी या देश की छवि ही नहीं, अनमोल जिंदगियों से जुड़ा है।

अंततः यह घटना हमें याद दिलाती है कि जीवन रक्षा के साधनों में जब नैतिकता का अभाव हो जाता है तो प्रगति की समूची इमारत ध्वस्त हो जाती है। दवा उद्योग में पारदर्शिता, जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। सरकार और समाज दोनों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी बच्चे की जान किसी घटिया या मिलावटी दवा के कारण न जाए। जब तक दवा बनाने वाला और दवा बांटने वाला अपनी जिम्मेदारी को धर्म, करुणा, विश्वास और ईमानदारी की दृष्टि से नहीं देखेगा, तब तक ऐसी त्रासदियां दोहराई जाती रहेंगी। इसलिए अब वक्त आ गया है कि हम दवा नहीं, दायित्व बनाएं, नियमन नहीं, निष्ठा पैदा करें और इस मानवता विरोधी अपराध के लिए दोषियों को उदाहरण स्वरूप कठोरतम दंड दें ताकि भविष्य में जीवन रक्षक औषधि फिर से विश्वास की प्रतीक बन सके।

# डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी द्वारा प्रस्तुत मिथिला दैनिक राशिफल

**डा सुधा नन्द झा**



**मेष :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

**वृष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। शुभांक-3-7-9

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ङ्कषचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। राजकीय कार्यों से लाभ। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मकर :** 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

**कुम्भ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-5-9

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# कुशवाहा समाज का इतिहास बड़ा ही गौरव शाली- शशिभूषण मेहता

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया** ।कुशवाहा संघ सरायकेला खरसावां की ओर से छोटा गम्हरिया स्थित शहनाई भवन में कुश जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पांकी के विधायक शशिभूषण मेहता एवं विशिष्ट अतिथि हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने भगवान कुश की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पांकी विधायक शशिभूषण मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि कुशवाहा समाज का इतिहास बड़ा ही गौरवशाली रहा है। संगठित समाज से ही राजनीतिक भागीदारी को हम लोग सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होनें कहा कि भगवान कुश ने अपनी माता पर हो रहे अत्याचार के लिए अपने पिता से भी लडाई की। उन्होंने नारी सम्मान के लिए जो लडाई लड़ी वो



समाज के लिए भी अनुकरणीय है। उन्होंने कुशवाहा समाज के लोगों को राजनीति के क्षेत्र में भी आगे आने की अपील की। मौके पर विशिष्ट अतिथि हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि कुशवाहा समाज में एक से एक महापुरुष जन्म लिए। उन्होंने गौतम बुद्ध, जगदेव बाबू, सावित्रीबाई फुले, ज्योतिबा राव फुले, सम्राट अशोक आदि के विचारों को समाज के सामने रखते हुए कहा कि यह सभी ने न सिर्फ कुशवाहा समाज के लिए बल्कि सामाजिक न्याय के विचारधारा के अंतर्गत आने वाले तमाम समाज के पुरोधा रहे हैं। समारोह को कुशवाहा संघ जमशेदपुर के अध्यक्ष शिवकुमार भगत, डॉ0 पीके सिंह, डॉ0 ऊषा, अनूप सिंह, नवल कुमार, अरविंद सिंह, संजय मालाकार, प्रकाश विश्वकर्मा, नवीन कुमार, उपेन्द्र कुशवाहा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष शिव बालक मौर्या ने किया जबकि मंच संचालन प्रो0 रवि शंकर मौर्या ने किया। अंत मे धन्यवाद ज्ञापन सुधीर कुमार ने दिया। किया। इस मौके पर समाज के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को पुरष्कृत किया गया। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह, बिनोद प्रसाद , डॉ0 इंदल सिंह, विजय शंकर, विजय प्रसाद, सुदर्शन सिंह, जय प्रकाश प्रसाद, मदन प्रसाद, मुकेश कुमार, उमेश कुमार निर्मल समेत काफी संख्या में समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

## सरायकेला-खरसावां में उपायुक्त की अध्यक्षता में सीएसआर समीक्षा बैठक संपन्न

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सरायकेला**ःसमाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में कार्यरत विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी इकाइयों को सीएसआर अंतर्गत संचालित परियोजनाओं एवं प्रस्तावित योजनाओं की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, खेलकूद एवं आंगनबाड़ी सुदृढ़ीकरण जैसे क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि सीएसआर योजनाएँ जिले के सर्वांगीण विकास की



दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, इसलिए सभी औद्योगिक इकाइयाँ सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत पारदर्शी और परिणामोन्मुख कार्य करें।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि–सभी इकाइयाँ अपना वार्षिक सीएसआर एक्शन प्लान जिला प्रशासन से साझा करें।

टीबी रोगियों को ह्लफूड बास्केटह्ल उपलब्ध कराएँ।

निकटवर्ती पंचायतों के कम से कम 10 आंगनबाड़ी केंद्रों में बाला पेंटिंग व आवश्यक मरम्मत कार्य कराएँ।

बैठक में उप विकास आयुक्त रीना हांसदा, जिला योजना पदाधिकारी सोनी कुमारी, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जनसंपर्क पदाधिकारी एवं जिला खेल पदाधिकारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। औद्योगिक प्रतिनिधियों ने प्रशासन को जिले के विकास में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## 40 लख रुपए के ब्राउन शुगर के साथ आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती से तीन तस्कर गिरफ्तार




राष्ट्र संवाद संवाददाता

### ब्राउन शुगर के खिलाफ सरायकेला- खरसावां पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

सरायकेला- खरसावां पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत को मिले गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती से करीब 40 लख रुपए मूल्य के ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है. पुलिस की गिरफ्त में आए तस्करों में कुख्यात शाहबाज खान, मोहम्मद समीर उर्फ मोहम्मद आमान और रफीकुल इस्लाम शामिल है. पुलिस ने उनके पास से मोबाइल फोन भी बरामद किया है. एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता हाथ लगी है. उन्होंने कहा कि किसी कीमत पर क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री होने नहीं दिया जाएगा. आपको बता दें कि जिले में चलाए जा रहे ब्राउन शुगर के खिलाफ अभियान तहत जिला पुलिस के लिए अब तक की यह सबसे बड़ी सफलता है. पुलिस अधीक्षक ने टीम के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है.

## कांड्रा में अमलगम स्टील कंपनी के खिलाफ विस्थापितों का प्रदर्शन, स्थायी रोजगार की मांग पर डटे कालिंदी परिवार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सरायकेला**। कांड्रा स्थित अमलगम स्टील एंड पावर लिमिटेड कंपनी के विस्थापित कालिंदी परिवार ने सोमवार से कंपनी के मुख्य गेट पर स्थायी रोजगार की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू कर दिया है।

विस्थापितों का कहना है कि 2003 में जमीन अधिग्रहण के समय हुए लिखित समझौते के बावजूद अब तक उनके परिवार के सभी सदस्यों को रोजगार नहीं मिला है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे गोविन्दा कालिंदी ने बताया कि ह्लसमझौते के तहत हमारे परिवार को पाँच नौकरियां मिलनी थीं,



जिनमें से केवल तीन दी गई हैं, जबकि दो अब तक लंबित हैं।ह्ल उन्होंने कहा कि इस मामले में 19 अगस्त 2025 को जिला प्रशासन को आवेदन सौंपा गया था और 27 अगस्त को कंपनी के जीएम ने समाधान का आश्वासन भी दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

विस्थापितों ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी के एचआर अधिकारी आर.एन. प्रसाद ने 9 सितंबर को उन्हें सार्वजनिक रूप से जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी गवाही कई लोगों ने दी है। इस संबंध में उन्होंने गवाह प्रमाण पत्र जिला प्रशासन को सौंपा है।

परिवारों का कहना है कि कंपनी बार-बार ह्लदेख लीजिए, हो जाएगाह्ल कहकर मामले को टाल रही है, जबकि वे अपने हक की लड़ाई वर्षों से लड़ रहे हैं। कालिंदी परिवारों ने 6 अक्टूबर को शांतिपूर्ण आंदोलन की सूचना उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पदाधिकारी को दी थी और प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग की थी।सोमवार सुबह आंदोलन के दौरान कंपनी का मुख्य गेट घंटों तक बंद रहा। प्रदर्शनकारियों ने बैनर-पोस्टर लगाकर ह्ल2003 के समझौते का पालन करोह्ल, ह्लविस्थापितों को रोजगार दोह्ल जैसे नारे लगाए।

हालांकि मौके पर पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति पर नजर बनाए रखी, लेकिन आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक लंबित नौकरियों की बहाली नहीं होती, वे पीछे नहीं हटेंगे।

## 8 अक्टूबर को चांडिल में आदिवासी समाज का धरना प्रदर्शन की भव्य तैयारी ,भरेंगे हुंकार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल**। आगामी 8 अक्टूबर को चांडिल अनुमंडल कार्यालय परिसर में प्रस्तावित आदिवासी समाज के धरना-प्रदर्शन को लेकर तैयारी तेज हो गई है। इसको लेकर आदिवासी सामाजिक संगठनों के अगुवाई कताओं ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया .

रविन्द्र सिंह सरदार ने बताया आदिवासी समाज ने चार सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेगा । इसमें कुर्मी समाज को आदिवासी सूची में शामिल करने का विरोध, पेसा एक्ट 1996 लागू करने, पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र में नगर निगम कानून निरस्त करने तथा जनगणना



में आदिवासी समाज के लिए अलग धर्म कॉलम की मांग शामिल है.

कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन के लिए स्वागत समिति,भोजन समिति,सुरक्षा सहित प्रचार समिति अपनी अपनी जिम्मेदारियों को निभा रही है. धरना प्रदर्शन में कुर्मी/ कुड़मी जाति को एसटी सूची में शामिल करने की जोरदार विरोध होगा.

## तिलाईटाड़ में जंगली हाथियों का आतंक, ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल** नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के तिलाईटाड़ गांव में जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। झुंड से बिछड़े दो हाथियों ने सम्राट मुदी और महेंद्र महतो ग्रामीणों के घर की दीवार को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे चावल और आलू खा गए। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति गहरा आक्रोश देखा जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की गतिविधियों की जानकारी पहले ही वन विभाग को दी गई थी, लेकिन समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शाम ढलते ही हाथियों के झुंड गांव और खेतों की ओर रुख कर रहे हैं,




जिससे किसान अपने फसल और अनाज को सुरक्षित नहीं रख पा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि झुंड से अलग हुए दो हाथी तिलाईटाड़ गांव में ही घूम रहे हैं और कई घरों की दीवारें तोड़कर अनाज को नष्ट कर रहे हैं। वहीं, मुख्य झुंड कादला पहाड़ में डेरा डाले हुए है और रात के समय खेतों में घुसकर दूधभरी फसलों को रौंद कर नष्ट कर देता है।

ग्रामीणों ने वन विभाग और जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कदम नहीं उठाया गया तो जान-माल की बड़ी क्षति हो सकती है। ग्रामीणों ने हाथियों को नियंत्रित करने के लिए त्वरित और ठोस उपाय किए जाने की अपील की है।

## गम्हरिया में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम के तहत रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया** ।जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गम्हरिया में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम के तहत रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के कई प्रखंड के विद्यार्थियों ने भाग लिया। रोल प्ले प्रतियोगिता के लिए कई प्रमुख विषय दिए गए थे। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी सह संस्थान के प्राचार्य कैलाश मिश्रा, आकाशवाणी के उदघोषक शाहिद अनवर और उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, बनसा की प्राचार्या पद्मावती कारवां उपस्थित थे। इस मौके पर सभी सम्मानित निर्णायकों का स्वागत शॉल ओढ़ाकर एवं पौध प्रदान कर किया गया। इस मौके पर प्राचार्य




मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जिले के सरकारी विद्यालयों का ग्राफ बढ़ा है। शैक्षणिक समेत अन्य गतिविधियों में बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 मनीला कुमारी एवं सीमा कुमारी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग प्रखंड से आए विद्यार्थियों ने इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, पदार्थ के दुरुपयोग, सेवन की रोकथाम एवं प्रबंधन, पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता आदि विषय पर अपनी प्रस्तुति दी क निर्णायकों के द्वारा सभी की प्रस्तुतियों की सराहना की गई। रोल प्ले प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजनगर के केजीबीवी की निकिता महतो और समूह, द्वितीय स्थान ईचागढ़ के केजीबीवी की पूजा महतो और समूह तथा तृतीय स्थान खरसावां प्रखंड के केजीबीवी शीतल बांदिया और समूह को मिला। प्रतिभागियों को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## डुमरिया के दो स्कूलों में बांटे गए 350 ओलचिकी किताबें, खुशी से झूम उठे संथाली बच्चे

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** : संथाली भाषा आगे बढ़े व उसे बढ़ावा देने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सोमाय टुडू ने डुमरिया प्रखंड अंतर्गत केंदुआ पंचायत क्षेत्र के रंगामटिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय व लांगो प्राथमिक विद्यालय के 350 बच्चों के बीच संथाली ओलचिकी किताबों का वितरण किया गया।सभी किताबें संथाली व हो जाति के बच्चों के बीच बाटी गई। इधर संथाली किताबें पाकर संथाली बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता सोमाय टुडू ने कहा कि बैंक व रेलवे की परीक्षा संथाली भाषा में आयोजित की जा रही है। संथाली बच्चों में ओलचिकी के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए व बच्चों में अपनी मातृ भाषा में पकड़ हो ,जिसको लेकर सुदूर संथाली बहुल स्कूल में अभियान चलाकर ओलचिकी की किताबें बाटी जा रही है

जिसकी शुरूआत सोमवार को डुमरिया प्रखंड से की है । उन्होंने अफसोस जाहिर कि स्कूलों के दीवारों में ओलचिकी भाषा का उपयोग तो होता है लेकिन संथाली शिक्षक नदारत है। जिसे बढ़ावा देने के लिए ओलचिकी किताबें नौनिहालो सौंपी गई। ताकि संथाली बच्चे अपनी संथाली भाषा में आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में सफल हो सके ।

कार्यक्रम में उपस्थित लोग

जादूगोड़ा : इस कार्यक्रम में महेश्वर मुर्मू, दुर्गा हेंब्रम, छोटे सोरेन, धीरेन माडी, संथाली समाज का पहला सिंगर सिमल टुडू ( सिंगर) अर्जुनसिंह मेलगान, साहू हेंब्रम, दुर्गा हेंब्रम, समेत वीर युवा सेना केंद्रीय अध्यक्ष वीर सिंह देवगन उपस्थित थे


### सिमल टुडू ने सुरीली संथाली संगीत से बच्चों में ओलचिकी के प्रति बढ़ाया प्रेम

जादूगोड़ा : ओलचिकी को बढ़ावा देने को लेकर ओडियो कैसेड का पहला संथाली सिंगर सिमल टुडू भी आगे आए है।

## सार-संक्षेप

### यूसीआईएल कोऑपरेटिव स्टोर में गैस सिलेंडर के मूल्य को लेकर विवाद, ग्राहक का आरोप अधिक शुल्क वसूली का

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जादूगोड़ा**। यूसीआईएल कोऑपरेटिव स्टोर में ग्राहकों को गैस सिलेंडर के लिए प्रबंधित दर 857 रुपये के बजाय 892.50 रुपये चुकाने पड़ने की शिकायत सामने आई है। एक ग्राहक ने बताया कि जब उन्होंने कोऑपरेटिव स्टोर से रसीद कटाई, तो उन्हें पूरा 892.50 रुपये का भुगतान करना पड़ा। उन्होंने कर्मचारियों को नोटिस दिखाया जिसमें लिखा था कि स्टोर पर सिलेंडर लेने वाले ग्राहकों से केवल 857 रुपये लिए जाएंगे, लेकिन कर्मचारियों ने इसे केवल पहले 30 ग्राहकों के लिए बताया और बाद के ग्राहकों से पूरा शुल्क लिया गया।

ग्राहक के अनुसार, घर तक सिलेंडर की डिलीवरी पर अलग शुल्क शामिल होने के कारण कुल राशि 892.50 रुपये बनती है। कोऑपरेटिव स्टोर के अध्यक्ष इम्तियाज ने कहा कि कैश एंड कैरी पर गैस लेने वाले ग्राहकों से केवल 857 रुपये ही लिए जाते हैं, जबकि बुकिंग पर सिलेंडर की कीमत ऑटोमेटिक रूप से 892.50 रुपये कटती है।

ग्राहकों ने यह भी बताया कि कॉलोनी के बाहर रहने वालों को समय पर डिलीवरी नहीं मिलती, जिससे उन्हें मजबूरन अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। इस मामले में स्टोर कर्मचारियों और प्रशासन के बीच मतभेद स्पष्ट दिख रहा है।

### उपायुक्त ने लिया संज्ञान: धालभूमगढ़ सीएचसी में एंबुलेंस न मिलने की घटना पर जांच के निर्देश, मरीज का सदर अस्पताल में उपचार जारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता




धालभूमगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस उपलब्ध कराने में लापरवाही बरते जाने की घटना पर उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने त्वरित संज्ञान लिया है। उन्होंने सिविल सर्जन को पूरे मामले की जांच कर दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

उपायुक्त के निर्देश के बाद संबंधित महिला मरीज को तुरंत सदर अस्पताल, जमशेदपुर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है।

श्री सत्यार्थी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में मरीजों को चिकित्सा सुविधा से वंचित रखना अस्वीकार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है और इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु प्रणालीगत सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

### हाता में धूमधाम से काली पूजा मनाया जाएगा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पोटका** : सार्वजनिक श्री श्री काली पुजा समिति हाता की बैठक दुर्गा पुजा मैदान स्थित काली मंदिर में समिति के अध्यक्ष उपेंद्र नाथ सरदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई .बैठक में विगत वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए इस वर्ष के काली पुजा के आयोजन के संबंध में विचार विमर्श किया गया .बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी काली मंदिर में पुजा का आयोजन धूमधाम के साथ किया जाएगा .मंदिर में 20 अक्टूबर की रात्रि में भक्ति एवं श्रद्धा के साथ पुजा का आयोजन होगा पुजा के उपरांत भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण होगा.21 अक्टूबर की रात्रि में जमशेदपुर के आर्केस्ट्रा टीम द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा.इस अवसर पर कमिटी के उपेंद्र नाथ सरदार,कृष्णा गोप,महेंद्र सिंह, अमित पाल,मनोज राम,सुब्रत दे,सुमित दे,सोमेन मंडल, सतीश सरदार,मंटू मंडल, रंजीत पाल,दीपक पाल,बापटु विश्वास, सोमनाथ पाल,कैलाश पात्र,चंचल हलधर,भानु राणा,मनी पाल आदि उपस्थित थे.

### अतिक्रमण से गम्हरिया का सर्विस रोड रहा घंटों जाम, त्राहि त्राहि कर प्रशासन को कोसते रहे लोग



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया**। जिला प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद दुकानदार लाल बिल्डिंग के समीप सर्विस रोड में दुकान लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। उपायुक्त के सख्त निर्देश के बाद सिर्फ एक दिन नगर निगम के अधिकारियों ने सख्ती दिखाते हुए सर्विस रोड पर दुकान नहीं लगाने देने का दायित्व निभाया, किंतु दूसरे दिन से ही ठेला और अन्य दुकानें पुनः सर्विस रोड में सज गई। प्रशासन का यह आदेश भी माखौल बन गया जिसमें दुकानदारों को दुकान नहीं लगाने का आदेश दिया गया था। आदेश नहीं मानने वालों पर एफआईआर की चेतावनी भी दी गई थी। सोमवार को लाल बिल्डिंग चौक से दुगार्पूजा मैदान के बीच अतिक्रमण के कारण करीब तीन घंटे तक सड़क जाम रहा। इस दौरान लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम से लोग त्राहि त्राहि कर प्रशासन को कोसते रहे। इसी प्रकार लाल बिल्डिंग से छोटा गम्हरिया की ओर जाने वाली सड़क ठेला और दुकानें लग जाने से सुबह से ही जाम की स्थिति बनी रहती है। इस सड़क को दुगार्पूजा में एक दिन के लिए भी खाली नहीं कराया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने भी डीसी के आदेश का सिर्फ एक दिन सम्मान करते हुए अपने दायित्व से निपट लिया। लाल बिल्डिंग चौक से बोलायडीह की ओर जाने वाले चौराहे पर लगे दुकानों से सबसे ज्यादा जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। लाल बिल्डिंग से प्रखंड कार्यालय की ओर जाने वाले सर्विस रोड में भी अतिक्रमण यथावत है। दुकानदारों द्वारा सड़क पर ही अस्थाई दुकान बनाकर लोगों का आवागमन बाधित कर दिया है। इससे इस मार्ग पर रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। अतिक्रमण करनेवाले दुकानदारों को पुलिस और प्रशासन का भय नहीं है। विरोध करनेवाले पब्लिक से खुलेआम उलझकर मारपीट की नौबत पैदा कर देते हैं। आपात परिस्थिति में एंबुलेंस क्या बाइक पर लादकर भी मरीजों को अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सकता है।

## आम के बाग में पेड़ से लटका मिला युवक का शव



**हरिद्वार,एजेंसी।** कनखल थाना क्षेत्र में जगजीतपुर मार्ग पर मैंगो फार्म के पीछे बाग में एक व्यक्ति का पेड़ पर फांसी पर लटका शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची थाना कनखल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया। काफी प्रयासों के बाद युवक की शिनाख्त यशपाल पुत्र ज्ञान सिंह निवासी शीतला खेड़ा, पथरी निवासी के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या के पीछे आर्थिक तंगी की वजह सामने आ रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। वहीं दूसरी ओर पेड़ पर शव लटका होने की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## तेज गति कार की ट्रक से हुई जोरदार टक्कर में युवती सहित दो की मौत






**बिजनौर, एजेंसी।** सोमवार की सुबह मीरापुर बिजनौर मार्ग पर मोंटी मिलियन रेस्टोरेंट के सामने एक ट्रक व कार की टक्कर में एक युवती व एक युवक की मौत हो गई ,जबकि पति-पत्नी की हालत गंभीर बताई जा रही है घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तथा परिजन मौके पर पहुंचे , बमुश्किल कार से दोनों शवों व घायलों को निकाला गया। घायलों को एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है । जानकारी के अनुसार आज सोमवार को बिजनौर शहर के नजीबाबाद मार्ग स्थित इंद्रलोक कॉलोनी निवासी शिवकुमार के पुत्र लक्ष्य व मयंक अपनी टाटा टियागो कार से मीरपुर की तरफ से बिजनौर वापस लौट रहे थे । इनके साथ कार में मयंक की पत्नी रिया व रिया की चचेरी बहन प्रियंका भी कार में सवार थी जैसे ही उनकी गाड़ी मीरपुर थाना क्षेत्र के मोंटी मिलियन रेस्टोरेंट के सामने पुल पर पहुंची, सामने आ रहे एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई जिसकी जबरदस्त टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। हादसे के बाद मोंटी रेस्टोरेंट में लगे सीसीटी कैमरे में दुर्घटना की वीडियो मिली है।

## बारामूला के सीईओ को जांच लंबित रहने तक डीएसईके से किया गया संबद्ध

**श्रीनगर,एजेंसी।** सरकार ने बारामूला के प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) बशीर अहमद शाह को जांच लंबित रहने तक तत्काल प्रभाव से कश्मीर स्कूल शिक्षा निदेशालय (डीएसईके) में संबद्ध करने का आदेश दिया है। सचिव एसईडी-जेके द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि शाह अगले निर्देश तक डीएसईके से संबद्ध रहेंगे। इस बीच बांदीपोरा के मुख्य शिक्षा अधिकारी को अगले आदेश तक बारामूला के सीईओ के साथ-साथ डाइट सोपोर, बारामूला के प्रिंसिपल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## फरीदाबाद में प्रोफेसर की कैंसर पीड़ित पत्नी से की 16 लाख की ठगी

**फरीदाबाद,एजेंसी।** यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर की कैंसर पीड़ित पत्नी को ठगों ने फोन कर उनके खाते में तीन करोड़ रुपये बताए और जांच के नाम पर 16 लाख रुपये ट्रांसफर कराकर ठगी कर ली। साइबर थाना सेंट्रल में सराय थाने के अंतर्गत रहने वाले एक व्यक्ति ने दी शिकायत में बताया कि वह एक यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। उनकी पत्नी कैंसर पीड़ित है, वह घर पर ही रहती है। 23 सितंबर 2025 को पत्नी के मोबाइल पर एक अनजान शख्स की वाट्सएप वीडियो कॉल आई। वीडियो कॉल पर कॉल करने वाले ने एक व्यक्ति को दिखाकर पूछा कि क्या आप इसे जानते हो। पत्नी ने मना कर दिया। इसके बाद उसने अपना नाम अजय बंसल बताकर पत्नी को वीडियो में दिखाए गए व्यक्ति को जांच अधिकारी बताया। उसने कैनरा बैंक के एटीएम कार्ड की फोटो भेजी जिस पर पत्नी का नाम लिखा हुआ था। कहा कि इस व्यक्ति के पास आपका कैनरा बैंक का एटीएम कार्ड मिला है। जिसमें तीन करोड़ रुपये हैं। एटीएम कार्ड को देखकर पत्नी ने मना कर दिया। उसके पश्चात उस शख्स ने कहा कि आपकी वेरिफिकेशन करनी है कि आपके पास कितने रुपये हैं और किस-किस बैंक में हैं। उसने अपनी 16 लाख रुपये की एफडी के बारे में उस शख्स को बता दिया। इस बीच कॉल में एक और निखिल नाम से युवक शामिल हो गया। आरोपितों ने कहा कि आपको पैसा ट्रांसफर करना होगा, दो दिन बाद पूरी जांच के बाद यह पैसा वापस कर दिया जाएगा। यह भी कहा कि जब तक आपका क्लीरेंस सर्टिफिकेट नहीं आ जाता, तब तक आप किसी को मत बताना। उसकी पत्नी ने अजय बंसल के बताए अनुसार अपनी एफडी से पैसे बैंक में जाकर आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। जब पैसे वापस नहीं आए तो पत्नी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने तुरंत आनलाइन साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।है। पुलिस ने आरोपी की तलाशी के दौरान 8.5 ग्राम हेरोइन बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान सुमित, निवासी इंडियन कॉलोनी, सोनीपत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सिटी थाना क्षेत्र में सहायक उपनिरीक्षक विक्रम को गुप्त सूचना मिली थी कि सुमित नामक व्यक्ति बड़वासनी से सोनीपत रोड पर प्रधान फ्रेश डे के सामने हेरोइन बेचने के लिए खड़ा है। सूचना के आधार पर एएसआई विक्रम ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर सुमित को दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 8.5 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने सुमित के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# दीपका थाना चौक कीचड़ पानी से लबालब,आने जाने वाले लोग हो रहे हैं परेशान

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
कमाल अहमद

**कीचड़ पानी में तैर रहे दुकानदार और राहगीर**

**कटघोरा विधायक को देना चाहिए ध्यान**




**दीपका:-** एसईसीएल दीपका प्रबंधन की लापरवाही से आम जनमानस को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है गौरव पथ मार्ग और आम जनमानस के लिए रास्ता में कीचड़ से सना हुआ शबब एसईसीएल दीपका प्रबंधन नहीं ले रहा है। दीपका थाना चौक पर लबालता पानी और कीचड़ से सना हुआ है, वही पेट्रोल टंकी में आम नागरिकों को जाने में सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है साथ ही दीपका थाना चौक पर बड़े गाड़ियों का जमावाड़ा से आए दिन घटना दुर्घटना की आशंका बनी रहती है इसका जिम्मेदार एसईसीएल दीपका प्रबंधन की जिम्मेदारी है सिर्फ खदान विस्तार कोयला निकालना प्रबंधन इसी को महत्व दे रहा है आम जनमानस की सुरक्षा उनकी व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है साथ ही साथ क्षेत्र के जनता जिला प्रशासन से मांग गौरव पथ मार्ग के लिए और दीपका थाना चौक के लिए हमेशा सुरक्षित और व्यवस्थित करने की मांग करते आ रहा है लेकिन जिला प्रशासन के उदासीनता पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

**विधायक दे ध्यान**

स्थानीय दुकानदारों और राहगिरों ने बताया कि हल्की-फुल्की बारिश में भी रोड पानी और कीचड़ से भर जाता है, जिसकी वजह से आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है मानो कीचड़ पानी में तैर कर इस रास्ते को पार करना पड़ता है। माननीय विधायक जी को इस पर ध्यान देना चाहिए दीपका प्रबंधक से बात करना चाहिए और इस समस्या से हम लोगों को निजात दिलाना चाहिए।

## ट्राइसाइकिल व व्हीलचेयर पाकर झलकी आंखों में कृतज्ञता

**रोटरी हिसार ने दिव्यांगजनों के चेहरों पर खिलाई**

**हिसार, एजेंसी।** जिंदगी की जंग में संघर्षरत दिव्यांगजनों के चेहरों पर खुशी की एक नई किरण दिखाई दी, जब रोटरी क्लब हिसार ने उन्हें सहारे नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता के पंख थमा दिए। रोटरी भवन, कृष्णा नगर में आयोजित एक सादगीपूर्ण लेकिन भावनाओं से भरे कार्यक्रम में क्लब की ओर से छह ट्राइसाइकिल और छह व्हीलचेयर जरूरतमंद दिव्यांग पुरुषों और महिलाओं को भेंट की गईं। क्लब के अध्यक्ष डॉ. केके वर्मा ने सोमवार को बताया कि हिसार शहर ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों से भी कई दिव्यांग व्यक्तियों ने मदद की गुहार लगाई थी। उनकी पीड़ा को समझते हुए रोटरी हिसार ने इन उपकरणों की व्यवस्था की। सभी लाभार्थी बेहद गरीब और बीपीएल परिवारों से संबंध रखते हैं। इन ट्राइसाइकिल और व्हीलचेयर के माध्यम से अब वे अपने पैरों पर खड़े होकर जीवन को नए आत्मविश्वास के साथ जी सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान भावनात्मक माहौल देखने को मिला। जब किसी ने अपने नए वाहन पर पहली बार हाथ रखा तो किसी की आंखों से आभार के आंसू झलक पड़े। एक लाभार्थी ने कहा कि अब वह खुद बाजार जा सकेगा, किसी पर निर्भर नहीं रहेगर। यह सुनकर वहां मौजूद सभी की आंखें नम हो गईं। इस सेवा कार्य में क्लब के कई रोटेरियन पवन रावलवासिया, अश्वनी गर्ग, हरीश बुड़ाकिया, जयकुमार बंसल, मोहित गुप्ता, योगेश मित्तल, प्रदीप गुप्ता, मनोज माहेश्वरी, सुनील गोयल, विजय गर्ग, डीएन सिंगला और पंकज बुड़ाकिया प्रेरणा का स्रोत बने रहे। रोटरी हिसार के सदस्यों ने केवल ट्राइसाइकिल और व्हीलचेयर ही नहीं दीं।

## नरेला में 145 करोड़ रुपये से बनेगी नई हाई सिक्योरिटी जेल, लोक निर्माण विभाग ने जारी किया टेंडर

**दिल्ली ,एजेंसी।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने नरेला में हाई सिक्योरिटी जेल कांप्लेक्स के निर्माण के लिए 145.52 करोड़ रुपये की लागत से टेंडर जारी कर दिया है। लगभग 10 एकड़ क्षेत्रफल में बनने वाली नई जेल में आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं, वार्ड ब्लॉक, प्रशासनिक भवन, डिस्पेंसरी, लंगर हॉल, वॉच टावर और सीसीटीवी नेटवर्क जैसी व्यवस्थाएं होंगी। यह परियोजना राजधानी में बढ़ती कैदियों की संख्या और तिहाड़ पर बढ़ते दबाव को देखते हुए तैयार की गई है। नई जेल का निर्माण कार्य इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपपीसी) मोड पर होगा और इसे 21 महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। बोली की अंतिम तिथि 24 अक्तूबर है। परियोजना की अनुमानित लागत में से 125.07 करोड़ रुपये सिविल कार्यों पर और 20.44 करोड़ रुपये इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल कार्यों पर खर्च किए जाएंगे। जेल में बनने वाले चार प्रमुख वार्ड ब्लॉकों में कैदियों के लिए 256 सेल, मेडिकल रूम, वकील कक्ष, कानूनी सहायता केंद्र और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम होंगे। इसके अलावा, प्रशासनिक ब्लॉक में अदालत कक्ष, न्यायाधीश कक्ष, महिला और पुरुष आगंतुकों के लिए अलग-अलग तलाशी क्षेत्र और आधुनिक सुरक्षा नियंत्रण कक्ष होगा। परियोजना में एक कंट्रोल रूम, डिस्पेंसरी ब्लॉक, और मैस स्टाफ क्षेत्र भी बनाया जाएगा। बाहरी क्षेत्र में 6 मीटर ऊंची सीमेंट कंक्रीट बाउंड्री वॉल, सीवरेज सिस्टम, वर्षा जल संचयन, सौर जल हीटिंग सिस्टम और बागवानी कार्य भी शामिल हैं। पीडब्ल्यूडी के दस्तावेज में कहा गया है कि दिल्ली की मौजूदा जेलों विशेषकर तिहाड़ में लगातार बढ़ते कैदियों की संख्या को देखते हुए हाई सिक्योरिटी कैदियों के लिए अलग परिसर की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नरेला साइट का चयन इसी उद्देश्य से किया गया है ताकि शहर के भीतर ही पर्याप्त सुरक्षा वाले आवास की व्यवस्था की जा सके।

**2019 से योजना पर चल रहा काम :** नरेला में नई हाई सिक्योरिटी जेल बनाने की योजना 2019 से विचाराधीन रही है। गृह विभाग और दिल्ली जेल प्रशासन ने 2019-20 के दौरान इस दिशा में प्रारंभिक प्रस्ताव तैयार किया था जिसे बाद में 2021 में पीडब्ल्यूडी को कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में सौंपा गया। इसके बाद 2022-23 में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई और भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। अब टेंडर जारी होने के साथ निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है। नई जेल के बनने से तिहाड़ और मंडोली जेल पर दबाव कम होगा और राजधानी में हाई सिक्योरिटी कैदियों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। अधिकारियों का कहना है कि यह दिल्ली की पहली जेल होगी जो ईपीसी मोड पर पूरी तरह से स्मार्ट सुरक्षा सिस्टम और ग्रीन बिल्डिंग फीचर्स के साथ तैयार होगी।

## एएलएस एंबूलेंस को झंडी दिखाकर किया रवाना




**गोपेश्वर,एजेंसी।** एनटीपीसी की ओर से चमोली जिला अस्तपाल को सामुदायिक विकास कार्यों के अंतर्गत अत्याधुनिक एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई। इस एम्बुलेंस को जिलाधिकारी संदीप तिवारी, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एनटीपीसी के अपर महाप्रबंधक (एचआर) राजेश बोईपाई, उप महाप्रबंधक एनटीपीसी डीएस गबरियाल तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी अभिषेक गुप्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एंबूलेंस को रवाना करते हुए डीएम तिवारी ने कहा कि यह एम्बुलेंस जिले के मरीजों के लिए एक बड़ी सौगात है। एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस में आधुनिक जीवन रक्षक उपकरण लगे हैं, जो गंभीर स्थिति वाले मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने एनटीपीसी की ओर से किए जा रहे सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत इस महत्वपूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि इस एम्बुलेंस से गंभीर बीमार और दुर्घटना प्रभावित मरीजों को प्राथमिक उपचार के साथ-साथ सुरक्षित और त्वरित रूप से उच्चस्तरीय चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाना संभव होगा। इस मौके पर जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी आदि मौजूद रहे।

## तीन अन्तर्राज्जीय वाहन चोर गिरफ्तार, चार दुपहिया वाहन बरामद



**हरिद्वार,एजेंसी।** श्यामपुर थाना पुलिस ने अन्तर्राज्जीय वाहन चोर के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चोरी के चार दुपहिया वाहन भी बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक बीते रोज ग्राम कांगडी थाना श्यामपुर निवासी राजेन्द्र सिह नि अपनी बाइक चोरी के संबंध में पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

वाहन चोर की तलाशी में पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगाले। पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय करने के साथ चैकिंग अभियान चलाया। 4.2 माईल स्टोन पर पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार तीन व्यक्तियों रोककर चैक किया तो उनके पास से थाने में बाइक चोरी से संबंधित चोरी की बाईक बरामद हुई। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपितों ने विभिन्न स्थानों से चोरी किये तीन अन्या दुपहिया वाहनों को नीलधारा के पास झाडियों में से बरामद कराया।

पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम पते हिमांशु कुमार निवासी ग्राम रामदासवाली थाना मण्डावली जिला बिजनौर उ.प्र., ओमप्रकाश निवासी ग्राम शाहपुरा रत्न थाना कीरतपुर जिला बिजनौर उ.प्र. व अर्पित निवासी हाल पता मार्फत सतीश चौहान ग्राम धारीवाला थाना पथरी जिला हरिद्वार मूल पता ग्राम हरचन्दपुर थाना नांगल सोती जिला बिजनौर उ.प्र. बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

## शिमला में एचआरटीसी बस से पकड़ा गया 30 ग्राम चिट्टा, पंजाब का युवक गिरफ्तार

**शिमला,एजेंसी।** नशे के ख़िलाफ़ शिमला पुलिस का अभियान जारी है। इस कड़ी एचआरटीसी बस में सवार एक यात्री से 30 ग्राम चिट्टा पकड़ा गया है। आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह पंजाब का रहने वाला है। पुलिस को ये कामयाबी कालका-शिमला हाइवे पर शोघी कस्बे में रूटीन चैकिंग के दौरान मिली। एएसआई सुशील कुमार, प्रभारी स्पेशल सेल, शिमला अपनी टीम सहित रविवार देर रात शोघी बैरियर पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान सोलन से शिमला आ रही एचआरटीसी बस (नंबर ।क्क64क्क9734) को जांच के लिए रोका गया। बस में सवार एक यात्री के पास से तलाशी लेने पर 30 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान बलजीत सिंह पुत्र जगतार सिंह, गांव कादरवाला, डाकघर कादरवाला, तहसील धरमकोट, जिला मोगा (पंजाब), आयु 28 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इस नशे को लेकर कहां से आया था और कहां पहुंचाने जा रहा था, इसकी जांच जारी है। पुलिस ने चिट्टा बरामदगी को लेकर आरोपी के विरुद्ध बालूगंज थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## पुलिस ने घोड़े की हत्या की झूठी पोस्ट को लेकर फेसबुक पेज के खिलाफ किया मामला दर्ज

**श्रीनगर,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम ज़िले में पुलिस ने एक फेसबुक पेज के एडमिन के खिलाफ घोड़े की हत्या की झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार फेसबुक पेज कश्मीर स्पीक्स ने एक मरे हुए घोड़े का वीडियो शेयर किया था जिसमें दावा किया गया था कि उसे इसलिए मारा गया ताकि उसका मांस बाज़ार में बेचा जा सके। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बडगाम पुलिस ने कश्मीर स्पीक्स नामक एक फेसबुक पेज के एडमिन के खिलाफ सोशल मीडिया पर झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस ने 26 अगस्त को खानसाहिब तहसील के राखई गाँव में एक घोड़े की हत्या के संबंध में मामला दर्ज किया था। मृत घोड़े का एक वीडियो सोशल मीडिया पर इस दावे के साथ व्यापक रूप से प्रसारित किया गया था कि घोड़े की हत्या इसलिए की गई ताकि उसका मांस बाज़ार में बेचा जा सके। प्रवक्ता ने बताया कि यह वीडियो ऐसे समय में सामने आया है जब घाटी में कश्मीर के अधिकांश भोजनालयों में सड़ा हुआ मांस बेचे जाने के सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि घोड़े की मौत की पुलिस जाँच में पता चला है कि यह घटना दो पक्षों के बीच विवाद के कारण हुई थी। हालांकि 5 अक्टूबर को पता चला कि उक्त फेसबुक पेज पर झूठी सूचना प्रकाशित की गई थी कि अरिजल के बाजार में उसका मांस बेचने के लिए घोड़े की हत्या की गई जिससे स्थानीय लोगों में अनावश्यक भय और दहशत फैल गई। पुलिस ने खानसाहिब पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353-2 (झूठे बयान प्रसारित करना) के तहत मामला दर्ज किया है और जाँच शुरू कर दी गई है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी पहुंचे,400 सफाई कर्मियों का करेंगे सम्मान

**अन्नपूर्णा मंदिर के शिवपुर अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

**वाराणसी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां शिवपुर स्थित अन्नपूर्णा मंदिर ट्रस्ट के कार्यक्रम में सबसे पहले शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अन्नपूर्णा मंदिर की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि मंदिर महिलाओं को स्वावलंबी बना रहा है। अन्नपूर्णा मंदिर परिवार को इस माध्यम से रोजगार दे रहा है। सिलाई मशीन से एक परिवार तो चलेगा ही आत्मनिर्भर बहन बेटियां बन रही है। मां अन्नपूर्णा सब का पालन पोषण कर रही है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आश्रम की 250 छात्राओं में सिलाई-कढ़ाई मशीनें वितरित की। ट्रस्ट के कम्प्यूटर सेंटर में प्रशिक्षित तीन बैच के 15 मेधावियों में संस्था की ओर से लैपटाप बांटा। यहां से मुख्यमंत्री चांदपुर स्थित अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान (इरी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (आईसार्क) में तीन दिवसीय सम्मेलन में शामिल होंगे। वाराणसी प्रवास के पहले दिन ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिपलानी कटरा स्थित सरोजा पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 400 सफाई कर्मियों को स्वच्छता किट वितरित करेंगे, साथ ही उन्हें सम्मानित भी करेंगे। जिला प्रशासन के अफसरों के अनुसार मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा भी करेंगे। साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर तथा काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लेंगे। वे यहां रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे।

# सीबीआई की चार्जशीट से साफ बिरनपुर मामले में भाजपा ने सांप्रदायिक और जातीय कार्ड खेला

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
कमाल अहमद



**भिलाई:-** विरनपुर मामले में सीबीआई ने विशेष अदालत में अपनी चार्ज शीट दाखिल किया है। खबरों में सीबीआई की चार्ज शीट के तथ्य भी सार्वजनिक हुए है। सीबीआई ने चार्ज शीट में घटना का विस्तृत विवरण दिया है, उनकी विवेचना में स्पष्ट हुआ है कि यह घटना क्रम दो बच्चों के झगड़े से शुरू हो कर दो परिवारों तक पहुंचा और बाद में यह दो समुदायों का झगड़ा बन गया। सीबीआई ने अपनी जांच में यह भी पाया कि इस घटना में कोई राजनैतिक षड्यंत्र नहीं था, यह एक मामूली झगडा था. जिसने खूनी रूप ले लिया। सीबीआई जांच के बिन्दु भाजपा सरकार ने तय किया था यदि जांच के बिन्दु में घटना के बाद के राजनैतिक षडयंत्र होता तो भाजपा बेनकाब हो जाती।बिरनपुर मामले में सीबीआई की चार्ज शीट से साफ हो गया की. उस समय भाजपा ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पार्टी पर जो आरोप लगाया था वह झूठा था। यह आरोप भाजपा की चुनावी लाभ लेने के उद्देश्य से की गई राजनैतिक साजिश थी। सीबीआई की चार्जशीट ने भाजपा का काला चेहरा सामने रख दिया। भाजपा ने उस समय घटना को संप्रदायिक और जातीय रंग दे कर राजनैतिक लाभ लेने का षडयंत्र रचा था। तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अरुण साव घटना के बाद वहां जा कर पूरे घटना म को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किए और उसमें वे सफल भी रहे। अरूण साव जब घटना स्थल गये थे, तब उनके सामने आगजनी की गयी थी. वे वहां पर भड़काऊ भाषण दिये थे।इस मामले को लेकर भाजपा ने एक समाज को कांग्रेस के खिलाफ भड़काने का प्रयास किया। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में भी पूरे प्रदेश में इस झगडे को संप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह सभी ने अपनी चुनावी सभा में इस दुर्भाग्य जनक घटना को धार्मिक और जातीय झगडे से जोड़ के प्रस्तुत किया। भाजपा ने मृतक भुनेश्वर के पिता ईश्वर साहू को टिकिट दे कर सहानुभूति बटोरने की साजिश किया।सीबीआई की जांच यह भी साफ हो गया कि उस समय कांग्रेस की सरकार ने जो कार्यवाही की, घटना के लिए जिम्मेदार मान कर जिन लोगों की गिरफ्तारियां की वह सही थी।


भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण का झूठा और मनगढ़ंत आरोप लगाया था तथा भाजपा नेताओं ने उस समय राजनैतिक लाभ लेने ध्रुवीकरण के लिए गलत बयानी किया था। ईश्वर साहू भी अपने बयानों में जिस व्यक्ति अंजोर यदु पर आरोप लगाते थे, उसे भी सीबीआई ने दोषी नहीं माना है, सीबीआई की चार्ज शीट में इसका कोई उल्लेख नहीं है। इससे साफ है कि बिरनपुर मामला भाजपा की सोची समझी साजिश थी।भाजपा के इस षड्यंत्र का कांग्रेस को राजनैतिक रूप से नुकसान हुआ। सीबीआई की चार्ज शीट के बाद तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान उप मुख्यमंत्री अरुण साव में जरा भी नैतिकता हो तो अपने पद से त्याग पत्र दे कर छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने गैर जिम्मेदाराना भाषण के लिये छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगे।

# चिंता में अन्नदाताः अत्यधिक वर्षा से किसानों की फसलें हुई बर्बाद, आर्थिक संकट से जूझ रहे किसानों ने की मुआवजे की मांग

**बेगूसराय/राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

तेघड़ा प्रखंड क्षेत्र में लगातार हुई भारी बारि के कारण खेतों में पानी भर जाने से अधिकांश किसानों की धान , मक्का सोयाबीन, एवं सब्जियों की फसलें बर्बाद हो गई है। खेतों में पानी भर जाने से अधिकांश धान की फैसले गिर गई है। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। गौरा चार के प्रगतिशील किसान सुधीर राय, गौर 3 के किस मुकेश मिश्रा, एवं गौड़ एक के अरविंद ठाकुर ने बताया कि धन और सोयाबीन कटाई से पहले ही खेतों में सर रहा है बारिश ने न केवल फसलों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि उनकी चिंता भी बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि इस स्थिति से उनकी आगामी आए भी प्रभावित होगी।

प्रखंड के गौरा एक से लेकर गौरा चार तक , धनकौल, पकठौल ,चिल्हाय , पिपरा दोदराज , बरौनी 1,2,3, फुलवरिया ,सोकहरा सहित कई गांवों के खेतों में पानी



भरने एवं खेतों में जल जमाव से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। नकदी फसल में खास करके गोभी ,मिर्च,टमाटर,बैगन , समेत अन्य सब्जियों की खेती भी बर्बाद हो गई है। खेतों में लाखों की लागत से तैयार की गई फसल तबाह हो जाने से किसने की कमर टूट गई है। एमएलसी प्रतिनिधि विनोद कुमार मिश्रा उर्फ गोरेलाल बाबा, किसान नेता दिनेश सिंह एवं जदयू के प्रदेश नेता अशोक सिंह भासो ने सरकार से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। इन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी और शासन-प्रशासन से नुकसान की भरपाई कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से तुरंत सर्वे कर नुकसान का आकलन करने को कहा है। उनका उद्देश्य है कि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा मिल सके, जिससे वे कर्ज और आर्थिक संकट से बाहर निकल सकें। इस संबंध में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी विजय सिंह ने बताया कि उन्हें अभी तक फसलें खराब होने की कोई सूचना नहीं मिली है। हालांकि, उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रखंड कृषि पदाधिकारी,कृषि सलाहकार एवं समन्वयकों को तत्काल सूचित कर सर्वे के लिए निर्देशित किया जाएगा और किसानों की हर संभव मदद की जाएगी।

## संजात ममें प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का हुआ उद्घाटन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**




**भगवानपुर /बेगूसराय** भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत संजात पुस्तकालय परिसर में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का शुभारंभ सोमवार को जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ.राकेश कुमार कुमुद,भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.बैद्यनाथ राय, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी वीरपुर डॉ.ललन कुमार,मुखिया पूनम कुमारी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी ने कहा कि इस चिकित्सालय से सीधे तौर पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था व किसानों की आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

सप्ताह में दो दिन भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी वीरपुर डॉ. ललन कुमार सेवा देंगें। जब तक स्थायी रूप से पशु चिकित्सालय नहीं बन जाता है तब तक इसी भवन से पशुओं से संबंधित सभी प्रकार का इलाज जारी रहेगा।उन्होंने ग्रामीणों से पशु चिकित्सालय हेतु भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मौके पर डॉ.सुंदेश्वर प्रसाद सिंह,कंचन मिश्रा,जगदीश पासवान,राम चरित्र चौरसिया,राजेश कुमार ईश्वर,श्री चरण शर्मा,संतोष चौरसिया सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## पीड़ित परिवार से मिले पुर्व विधायक अमिता भूषण

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**वीरपुर /बेगुसराय** प्रखंड के नौला पंचायत में तीन दिनों से लापता बच्चे का रविवार के दोपहर नौला बहियार में शव तैरते हुए स्थिति में बरामद हुआ। जिसकी सूचना पाकर भगवानपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगुसराय भेज दिया। मृतक बच्चे की पहचान नौला पंचायत वार्ड संख्या 19 निवासी चितरंजन यादव के पुत्र पवन कुमार के रूप में किया गया। वहीं परिजनों की आशंका है कि मेरे बच्चे को हत्या कर शव को पानी में फेक दिया



गया । हालांकि पुलिस हर बिंदु पर जांच करने की बात कही। घटना की जानकारी मिलते ही बेगुसराय के पूर्व विधायक अमिता भूषण ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर गहरा दुख व्यक्त की। साथ ही उन्होंने कहा कि हम पीड़ित परिवार के साथ हैं जहां तक हमसे संभव होगा सरकारी सहायता से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।इस दौरान श्रीमती भूषण के साथ प्रखंड अध्यक्ष धर्मराज सहनी, विजय सिंह,रामप्रीत यादव, बाल्मीकि यादव, शंभू साह,संजीव सिंह, हीरा झा,नरेश सिंह, देवेंद्र सिंह,अमित कुमार के साथ कई ग्रामीण मौजूद थे।

## आदर्श आचार संहिता लागु होने से पूर्व स्थानीय विधायक ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास और उदघाटन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**
**राजेश कुमार**



**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागु होने से पहले चेरियाबरियारपुर विधायक राजवंशी महतो ने सोमवार को खोदावंदपुर प्रखंड क्षेत्र में कई विकास व निर्माण कार्य योजनाओं का शिलान्यास तथा उदघाटन फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया गया. इनमें तीन द्वार एवं एक सामुदायिक शौचालय का उदघाटन तथा एक पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम शामिल है. स्थानीय विधायक राजवंशी महतो ने मेघौल गांव में शहीद राधा जीवन द्वार, खोदावंदपुर प्रखंड मुख्यालय चौक पर कॉ. शिवाकांत प्रसाद सिंह द्वार एवं फफौत पंचायत के महना बांध चौक पर राधा रमण द्वार तथा खोदावंदपुर प्रखंड मुख्यालय में सामुदायिक शौचालय का उदघाटन किया गया. इसके अलावे खोदावंदपुर प्रखंड क्षेत्र के दौलतपुर पंचायत अंतर्गत मोहनपुर गांव में बूढ़ीगंडक नदी पर बनने वाले मोहनपुर-बोरिया पुल का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया गया. इस मौके पर विधायक श्री महतो ने कहा कि उन्होंने विपक्ष में रहते हुए पूरे बेगूसराय के सातों विधानसभा क्षेत्र में चेरियाबरियारपुर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक निर्माण व विकास का कार्य किया है. क्षेत्र की सभी जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार करवाया है. आगे यदि मौका मिला तो शेष बचे कार्यों को पूरा किया जायेगा. वह जनता की सेवा करते रहेंगे.

इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि विजय सिंह कुशवाहा, जिला राजद उपाध्यक्ष राकेश कुमार, नीतीश कुमार, युवा प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार, सीपीआई के अंचलमंत्री उदय चंद्र झा, अश्विनी प्रसाद सिंह, राजद नेता हरेराम महतो, राजाराम महतो, यशवंत लाल यादव, राजेन्द्र महतो, अनिल कुमार कुशवाहा, रामध्यान महतो, मोहम्मद शकिल खां, प्रो नरेश कुमार, सूरज महतो, नवीन कुमार झुना, मणिभूषण कुमार, पंकज कुमार, उमेश कुमार, विकास कुमार सहित अनेक ग्रामीण व इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे.

## दुर्गा पूजा के बाद 1100 कन्याकुमारी का ब्रह्म ज्वेनार कराया गया

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बीहट। बेगूसराय।** बरौनी प्रखंड के पिपरा देवस पंचायत में सोमवार की संध्या नवदुर्गा संघ के प्रांगण में कन्याकुमारी का खीर खिलाया गया। समिति के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से कन्याकुमारी का भोजन कराया गया। 1985 से 2025 तक लगभग 40 वर्षों से यह परंपरा हो रही है ।जो दुर्गा पूजा माता का विसर्जन होने के बाद पूर्णिमा के दिन जिस रात्रि में अमृत बारिश होती है उसी दिन पूर्णिमा के संध्या में कमेटी के सदस्य के द्वारा 1100 कन्याकुमारी जमाया गया । जिसमें कन्याकुमारी 2 साल से लेकर 10 वर्ष की कन्याकुमारी का भोजन कराया गया। वहीं माता का चुनरी और उचित दक्षिणा दिया गया।



मौके पर पिपरा देवस समिति के सदस्य नवदुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष आदित्य कुमार उर्फ बाबू साहब, कन्हैया कुमार, मुकेश कुमार, शिक्षक नेता रवि कुमार, सनी कुमार, राहुल कुमार ,प्रवीण कुमार, संतोष कुमार ,सोनू कुमार ,जितेंद्र कुमार , हरि जी, गौरव कुमार मुन्ना कुमार, अमित कुमार, मंगल सिंह अशोक कुमार ,घनश्याम सिंह आदि उपस्थित थे।

## मंत्री सुरेंद्र मेहता ने बुढ़ी गंडक नदी पर चेरिया व बरियारपुर के बीच पुल निर्माण क्या किया शिलान्यास

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**भगवानपुर /बेगूसराय** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेरिया गांव में चेरिया व बरियारपुर गांव के बीच अवस्थित बूढ़ी गंडक नदी में करीब 23 करोड़ की लागत से पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास बिहार सरकार के खेल मंत्री सह स्थानीय विधायक सुरेंद्र मेहता ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया। उक्त अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह पुल बहुप्रतीक्षित था,जिसे बनाने को लेकर दशकों से राजनीति होती रही लेकिन इस क्षेत्र की जनता का सपना आज पूरा हुआ। उन्होंने लोगों से अपील की अगर आप लोग एनडीए सरकार के विकास कार्यों से संतुष्ट हैं तो आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से वोट देकर नितिश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने का काम करें।उक्त अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता अमलेश कुमार चुन्नू, बीस सूत्री अध्यक्ष हेमंत कुमार, पूर्व जीप सदस्य पंकज पासवान सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त पुल के शिलान्यास से क्षेत्र के लोगों में खुशी है।

## बिहार में दो चरणों में होगा विधानसभा चुनाव, तेजस्वी ने कहा-परिवर्तन का बिगुल बज चुका है

**पटना,।** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 की तारीख की घोषणा हो गई है। दिल्ली के विज्ञान भवन में चुनाव आयोग के अधिकारियों ने पत्रकार वार्ता कर चुनाव शेड्यूल की जानकारी आज दी। बिहार में चुनाव 2 चरण में होंगे। 6 और 11 नवंबर को मतदान होगा। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। 243 सदस्यीय राज्य विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। पिछली बार 2020 का विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हुआ था, जिसमें 56.93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

बिहार विधानसभा चुनाव की तीरखों की घोषणा के बाद अपनी प्रतिक्रिया में तेजस्वी यादव ने एक्स पर लिखा कि मेरे प्रिय बिहारवासियों, 14 नवंबर 2025 ! इस तारीख को हम सभी को याद कर लेना है। इतिहास के पन्नों को भविष्य में जब भी पलटा जाएगा तो ये तारीख बिहार के सुनहरे भविष्य, परिवर्तन, विकास और बुलंदी की शुरूआत बनकर हमेशा स्वर्ण अक्षरों में दिखेगी। परिवर्तन का बिगुल बज चुका है, जनता की जीत का शंखनाद हो चुका है। बस अब पूरे मनोयोग, समस्त ऊर्जा का संचय कर प्रत्येक बिहारवासी को जुट जाना है, महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए।बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीखों की घोषणा पर केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, चुनाव आयोग का बहुत आभार कि एक शांतिपूर्ण पारदर्शिता के साथ बिहार लोकतंत्र का पर्व मनाएं, इसके लिए विस्तृत योजना बनाई है। बिहार लोकतंत्र की जननी है...दो तारीखें तय की गई हैं...मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि चुनाव आयोग ने जो व्यवस्था बनाई है और 1990 से 2005 तक जो जंगल राज में बूथ लूट लिए जात थे, मतदाताओं को धमकाया जाता था, वो अब बिहार में नहीं हो पाएगा।

## खोदावंदपुर आइसीडीएस कार्यालय में पोषण मेला का आयोजन कर किया जागरूक

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**
**राजेश कुमार**

**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत कुपोषण उन्मूलन के उदेश्य से लोगों में जागरूकता लाने के लिए पोषण मेला का आयोजन किया गया. सोमवार को बाल बिकास परियोजना कार्यालय खोदावंदपुर परिसर में सेविकाओं द्वारा आयोजित पोषण मेला का विधिवत उद्घाटन प्रभारी सीडीपीओ नीतेश कुमार, सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल प्रसाद, अंचल अधिकारी प्रीति कुमारी, बीएचएम सत्यदर्शी कुमार एवं प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रजवलित कर किया गया. मेले में आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा पोषक तत्व एवं मोटे अनाज से तैयार व्यंजनों की प्रदर्शनी लगायी गयी, जिसका अवलोकन अधिकारियों की टीम ने किया और उसका स्वाद भी चखा. वहीं प्रभारी सीडीपीओ नीतेश कुमार ने आंगनबाड़ी के माध्यम कुपोषण दूर करने को लेकर संचालित जन्म से छः वर्ष के बच्चे व किशोरी लड़कियों की देखरेख, उसका ऊपरी आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दिया,उन्होंने बताया कि 6 वर्ष तक के बच्चों गर्भवती महिला स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरियों को आवश्यक कैलोरी एयर प्रोटीन युक्त पूरक आहार दिया जाना जरूरी होता है, जिसमें 0 से तीन साल तक के कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन और शालापूर्व शिक्षारत 3 से 6 वर्ष के बच्चों को गर्म पका भोजन शामिल है. गर्भवती महिलाओं कि गोद भराई करवाते हुए उनके स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकरी भी दिया गया. साथ ही छः माह पूर्ण कर चुके बच्चे को मुंह जुट्ठी करवाते हुए अन्न प्रासन्न करवाया. इस मौके पर सीएचसी प्रभारी अनिल प्रसाद ने स्वास्थ्य जांच और आयरन कैल्शियम कि गोलियां का महत्व पर भी विशेष जोर दिया. वहीं कार्यक्रम और आंगनबाड़ी संबंधित क्रियाकलाप में बेहतर प्रदर्शन करने वाली सेविकाओं कि हौसला अफजाई को लेकर पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका सोनम कुमारी, कामिनी, रेणु कुमारी, कर्मी विवेक कुमार, 20 सूत्री सदस्य मोहम्मद एखलाक अहमद सेमत प्रखंड क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद थी.




## सार-संक्षेप

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तेघड़ा मुबारकपुर सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का किया शिलान्यास



**बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
6 अक्टूबर सोमवार को माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा पथ निर्माण विभाग एवं उद्योग विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण जिला पदाधिकारी प्रकोष्ठ में किया गया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्री तुषार सिंगला, उप विकास आयुक्त, कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग,कार्यपालक अभियंता निर्माण विभाग ,सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बेगूसराय जिला में पथ निर्माण विभाग अंतर्गत 165.54 करोड़ रुपए की राशि की योजना का शिलान्यास किया गया । जिसमें 6.7 KM लंबाई का तेघड़ा मुबारकपुर सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य किया जाना है एवं 7.5 KM बखरी- बहादुरपुर बायपास पथ का निर्माण किया जाना है।

साथ ही उद्योग विभाग के कॠउ बेगूसराय के कैंपस में प्लग एंड प्ले शेड, जिसकी लागत राशि 16 करोड़ रुपए तथा Working Women Hostel, जिसकी लागत राशि 21.67 करोड़ रुपए है, का उद्घाटन किया गया।

### मिथिलेश बिहारी वर्मा ने खोदावंदपुर बीडीओ का लिया पदभार

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** मिथिलेश बिहारी वर्मा ने सोमवार को खोदावंदपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी का पदभार संभाला. बताते चलें कि खोदावंदपुर के बीडीओ नवनीत नमन का स्थानांतरण शिवहर किया गया है, जबकि बक्सर जिला के केसठ प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा को खोदावंदपुर का बीडीओ बनाया गया. वहीं जदयू नेता अवनीश कुमार वर्मा ने नये बीडीओ को चादर भेंटकर उनका जोरदार स्वागत किया. मौके पर अनेक सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता व प्रखंड सह अंचल कर्मी मौजूद थे.

### कुसेर्ला के कोशी पुल से गंगा में कूदा युवक, तलाशी अभियान जारी

**कटिहार,।** जिले के कुरसेला थाना क्षेत्र में स्थित कोसी पुल पर सोमवार को एक युवक ने मोबाइल पर बात करते हुए गंगा नदी में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक पुल के तीसरे पाए के पास फोन पर बात कर रहा था और अचानक रेलिंग पार कर नदी में कूद गया। मछुआरों ने उसे पानी में संघर्ष करते देखा, लेकिन गंगा की तेज धारा में वह कुछ ही पलों में लापता हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने प्रशासन को खबर दी, जिसके बाद अंचल पदाधिकारी सुश्री अनुपम के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीम और गोताखोरों को मौके पर भेजा गया। टीम ने तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया है, लेकिन अभी तक युवक का कोई सुराग नहीं मिला है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। कुछ दिन पहले भी एक बुलेट सवार युवक ने इसी पुल से छलांग लगाई थी, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं मिला। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से लोगों में भय और आक्रोश दोनों है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं है, न तो कोई स्थायी पुलिस चौकी है और न ही सीसीटीवी कैमरों की निगरानी।

लोगों ने प्रशासन से पुल पर चौबीसों घंटे गश्ती दल की तैनाती और कैमरे लगाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुल पर सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने की बात कही है।

### बिहार में भारी बहुमत से राजग की वापसी तय : सम्राट चौधरी

**पटना,।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा का चुनाव दो चरणों में कराने की चुनाव आयोग की घोषणा का स्वागत किया है। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने यह दावा भी किया कि इस बार विकास के मुद्दे पर बिहार की जनता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को भारी बहुमत से सरकार बनाने का आशीर्वाद देने का मन बना चुकी है।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग की डबल इंजन सरकार ने लाखों युवाओं को नौकरी व रोजगार दिया, किसानों को सम्मान निधि, गरीबों को पक्का मकान, बुजुर्गों की पेंशन राशि में वृद्धि, महिलाओं को 10 हजार रुपये की रोजगार सहायता राशि और 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने जैसे काम किये, तो दूसरी तरफ फोरलेन सड़क, मेगा ब्रिज, पटना में मेट्रो रेल की शुरूआत और छोटे शहरों में हवाई अड्डों के विकास से ढांचागत विकास को नई ररफ्तार दी।

उन्होने कहा कि राजग के विकास ने विपक्ष को मुद्दा विहीन कर दिया है, इसलिए 14 नवम्बर को राजग सरकार की वापसी तय है। राजग के सभी घटक पूरी एकजुटता के साथ जनता के बीच जाएंगे

### तेलंगाना पुलिस एवं दावथ पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में जाली नोट प्रिंटर किया बरामद

**डेहरी आन सोन,।** रोहतास जिले के दावथ थाना पुलिस ने तेलंगाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में थाना क्षेत्र के बभनौल गांव में सोमवार को छापेमारी कर एक व्यक्ति के साथ उसके घर से एक लाख पचहतर हजार रुपए जाली नोट एवं नोट बनाने का मशीन के साथ गिरफ्तार किया है.

दावथ थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि तेलंगाना राज्य के कमारेड्डी जिला अंतर्गत, साइबर थाना कामारेड्डी में थाना कांड में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर उक्त थाना एरिया में एक व्यक्ति एक दुकान से घरेलू सामग्री की खरीदारी के बाद दुकानदार को पांच सौ का एक नोट दिया, नोट संदिग्ध होने के कारण दुकानदार ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया।

दर्ज प्राथमिकी के आधार पर स्थानीय पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान किया, जिसमें बिहार के रोहतास जिला के दावथ थाना अंतर्गत बभनौल निवासी ईबनुल रशीद का नाम आया, जिसके बाद तेलंगाना पुलिस की टीम के साथ दावथ थानाध्यक्ष के द्वारा संयुक्त छापेमारी कर सोमवार दोपहर में उक्त घर से लैपटॉप, प्रिंटर, एक लाख पचहतर हजार रुपए का जाली नोट बरामद किया गया।

घर से ईबनुल रशीद को गिरफ्तार किया गया । खबर लिखे जाने पूछताछ जारी है।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893



## महिला वर्ल्ड कप - टॉस के दौरान मैच रेफरी से बड़ी भूल, गलती से पाकिस्तान के पक्ष में दिया फैसला

**कोलंबो, ।** भारत-पाकिस्तान के बीच महिला विश्व कप 2025 के छठे मुकाबले में नया विवाद खड़ा हो गया है। आर प्रेमदासा स्टेडियम में टॉस के दौरान पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने टेल कहा। मगर हेड आने के बावजूद टॉस पाकिस्तान के पक्ष में रहा। जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने हवा में सिक्का उछाला, तो पाकिस्तानी कप्तान ने स्पष्ट तौर पर टेल कहा था, लेकिन मैच रेफरी जैंड्रे फ्रिट्ज और अनाउंसर मेल जोन्स ने इसे हेड सुना। सिक्का जमीन पर गिरा और आखिरकार हेड आया, लेकिन फातिमा को टॉस की विजेता माना गया। इसके बाद फातिमा ने क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। हालांकि, इस बीच भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फैसले पर कोई आपत्ति नहीं जताई।

टॉस का वीडियो वायरल होते ही सोशल मीडिया पर फैंस आग बबूला नजर आए। कुछ फैंस इस फैसले पर सवाल खड़े करते दिखे। हालांकि, कुछ फैंस ने इसे सिर्फ एक मानवीय भूल बताया है।

रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे इस मुकाबले में दोनों ही टीमें एक-एक बदलाव के साथ उतरी हैं। भारतीय टीम में अमनजोत के स्थान पर रेणुका सिंह को मौका दिया गया है, जबकि पाकिस्तानी टीम में उमाइमा सोहेल के स्थान पर सदफ शमास को अंतिम एकादश में चुना गया। इस दौरान दोनों ही कप्तानों ने एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया। इससे पहले, एशिया कप 2025 में भी भारतीय पुरुष टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था।

भारत और पाकिस्तान के बीच वनडे रिकॉर्ड को देखें, तो दोनों देशों के बीच अब तक कुल 11 मैच खेले गए हैं। इस दौरान सभी 11 मुकाबले टीम इंडिया के पक्ष में रहे।

भारत ने वर्ल्ड कप के अपने शुरुआती मुकाबले में श्रीलंकाई टीम के खिलाफ डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 59 रन से जीत दर्ज की थी, जबकि पाकिस्तानी टीम बांग्लादेश के विरुद्ध अपना पहला मैच 7 विकेट से गंवा चुकी है। ऐसे में टीम इंडिया के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं।

## प्रोफेशनल क्रिकेट क्लब, चंडीगढ़ और एसडब्ल्यूएस क्रिकेट अकादमी, पंचकूला ने दूसरे स्वर्गीय मंजू अरोड़ा अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने लीग मैच जीते

**चंडीगढ़।** एसडब्ल्यूएस क्रिकेट अकादमी, पंचकूला ने बारिश के कारण निर्धारित डीएलएस पद्धति में चौहान क्रिकेट अकादमी, ज़ीरकपुर को 8 विकेट से हराकर आज ट्राई सिटी क्रिकेट ग्राउंड, चंडीगढ़ और इंद्रजीत क्रिकेट ग्राउंड, गोलू माजरा, मोहाली में चल रहे दूसरे स्वर्गीय मंजू अरोड़ा अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपना लीग मैच जीत लिया। एसडब्ल्यूएस क्रिकेट अकादमी, पंचकूला के आदित्य सिंगला को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चौहान क्रिकेट अकादमी, ज़ीरकपुर ने 30 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 231 रन बनाए। वियान जे ने 77 गेंदों में 17 चौकों की मदद से 111 रन और संग्राम ने नाबाद 74 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए एसडब्ल्यूएस क्रिकेट अकादमी, पंचकूला के गेंदबाज अर्जुन शर्मा और आदित्य सिंह दोनों ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में एसडब्ल्यूएस क्रिकेट अकादमी, पंचकूला ने 23.5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए और बारिश शुरू हो गई और मैच रोक दिया गया। डीएलएस पद्धति लागू की गई और एसडब्ल्यूएस अकादमी की टीम ने 8 विकेट से मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज आदित्य सिंगला ने 68 रन, हृदय गर्ग ने 62 रन और समर चौधरी ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए चौहान क्रिकेट अकादमी, ज़ीरकपुर के गेंदबाज रेयान, यश गुप्ता और हर्षित सिंह सभी ने 1-1 विकेट लिया। दिन के दूसरे लीग मैच में प्रोफेशनल क्रिकेट क्लब, चंडीगढ़ ने क्रिकेट विद नागेश अकादमी, पीरमुछल्ला को डीएलएस पद्धति से 8 विकेट से हराया। प्रोफेशनल क्रिकेट क्लब, चंडीगढ़ के हरमनजोत सिंह को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट विद नागेश अकादमी 25.5 ओवर में 155 रन पर ऑल आउट हो गई। मनराज सिंह ने सर्वाधिक 69 रन बनाए जबकि संभव शर्मा ने 44 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए प्रोफेशनल क्रिकेट क्लब, चंडीगढ़ के गेंदबाज हर्षन सिंह और हरननजोत सिंह दोनों ने 3-3 विकेट लिए जबकि आरव वीर सिंह ने 2 विकेट लिए। जवाब में प्रोफेशनल क्रिकेट क्लब, चंडीगढ़ ने 12.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाए। भारी बारिश के कारण मैच रोक दिया गया और डीएलएस पद्धति लागू की गई और प्रोफेशनल क्रिकेट क्लब, चंडीगढ़ ने 8 विकेट से मैच जीत लिया। हरमन सैनी ने नाबाद 20 रन बनाए जबकि जयबान सिंह ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए क्रिकेट विद नागेश अकादमी के गेंदबाज वरिन गुप्ता ने 2 विकेट लिए।

## एमएलएस इतिहास में 40 गोल और असिस्ट करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने लियोनल मेस्सी

**नई दिल्ली।** इंटर मियामी ने न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन पर 4-1 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में भले ही मियामी के स्टार खिलाड़ी लियोनल मेस्सी कोई गोल नहीं दाग सके, लेकिन वह मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में इस सीजन 40 गोल और असिस्ट करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। इस सीजन लियोनेल मेस्सी ने 41 गोल में असिस्ट किया है। इससे पहले, कार्लोस वेला ने 2019 में लॉस एंजिल्स एफसी के साथ 49 गोल में असिस्ट किया था। लियोनल मेस्सी ने 32वें मिनट में तादेओ अलेंदे को गोल में असिस्ट किया, जिससे स्कोरिंग की शुरुआत हुई। इसके बाद हाफ-टाइम से पहले (45+3) उन्होंने बॉक्स के अंदर एफसी बार्सिलोना के अपने पूर्व साथी जोर्डी अल्बा के साथ मिलकर एक



बेहतरीन ड्रिबलिंग की। इस शानदार संयोजन ने मियामी की बढ़त को दोगुना कर दिया। डोर टर्गेमैन मेहमान टीम के लिए गोल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे, जिन्होंने 59वें मिनट में न्यू इंग्लैंड का खाता खोला। इसके एक मिनट बाद ही मेस्सी के असिस्ट की मदद से अलेंदे ने मुकाबले में अपना दूसरा गोल दागा। मैच के 63वें मिनट कुछ ही देर बाद अल्बा ने भी दो गोल दागकर मियामी को 4-1 से बढ़त दिलाई। मेस्सी के शानदार प्रदर्शन पर हेड कोच जेवियर मासचेरानो ने खुशी जताते हुए कहा, ÷उन्होंने हमें खाता खोलने और फिर जीत दर्ज करने का मौका दिया। वह अक्सर अपनी क्षमता और सबसे बढ़कर, अधिक गोल करने की महत्वाकांक्षा और इच्छाशक्ति दिखाते रहे हैं। मेस्सी के पास अपने गोल योगदान को बढ़ाने और वेला के रिकॉर्ड को चुनौती देने के लिए दो और मैच शेष हैं, जिसकी शुरुआत शनिवार को अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ होने वाले नियमित सीजन के घरेलू मुकाबले से होगी। टीम के प्रदर्शन की बात करें तो, मेस्सी और मियामी ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में 59 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। टॉप-4 में रहने पर उन्हें 2025 एमएलएस कप प्लेऑफ के पहले दौर (बेस्ट-ऑफ-3 सीरीज) में घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा।

# न्यू बॉल स्टार क्रांति गौड़, जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मैच में रचा इतिहास

**कोलंबो ।** महिला विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर शिकस्त दी। कोलंबो में रविवार को खेले गए मुकाबले में क्रांति गौड़ मैच की नायिका रहीं। उन्होंने 3 विकेट लेने के अलावा बल्ले से 8 रन का योगदान दिया। आर प्रेमदासा स्टेडियम में क्रांति गौड़ ने 10 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 47 डॉट बॉल फेंकी। यह 2020 के बाद से महिला वनडे मैच में किसी भारतीय तेज गेंदबाज की ओर से फेंकी गई सबसे ज्यादा डॉट बॉल रहीं। उनके अलावा, रेणुका सिंह ने 45 डॉट गेंदें डालीं। रेणुका ने इस मैच में 10 ओवर फेंके, जिसमें 29 रन दिए। हालांकि, वह कोई विकेट हासिल नहीं कर सकीं। इन दोनों ही गेंदबाजों ने पाकिस्तान के खिलाफ इस हाई-वोल्टेज मैच में मिलकर 92 डॉट बॉल फेंकी। यह साल 2020 के बाद किसी भी वनडे में भारत की महिला ओपनिंग गेंदबाजों की ओर से संयुक्त रूप से सर्वाधिक डॉट बॉल



फेंकने का भी रिकॉर्ड है।

साल 2021 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ लखनऊ मे झूलन गोस्वामी और राजेश्वरी गायकवाड़ की जोड़ी ने भी इतनी ही डॉट गेंदें फेंकी थीं। यह 22 वर्षीय क्रांति गौड़ के वनडे करियर का नौवां मैच था। उन्होंने 11 मई 2025 को श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो के इसी मैदान पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया था।

भले ही अपने डेब्यू मैच में क्रांति 5 ओवरों में 22 रन देने के बावजूद कोई विकेट नहीं ले सकीं, लेकिन उन्होंने अगले ही मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 2 विकेट चटकाए।

22 जुलाई को क्रांति गौड़ अपने करियर का चौथा वनडे मैच खेल रही थीं, जिसमें उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 52 रन देकर 6 विकेट झटके। इंग्लैंड के विरुद्ध उसकी ही सरजमीं पर क्रांति ने तीन मुकाबलों की इस सीरीज में कुल 9 विकेट हासिल किए।

इंग्लैंड दौरे पर इस शानदार प्रदर्शन ने ही क्रांति गौड़ के लिए विश्व कप के रास्ते खोल दिए थे।

अपने पहले ही विश्व कप मैच में श्रीलंका के विरुद्ध 41 रन देकर 1 विकेट हासिल करने वाली क्रांति गौड़ ने अगले ही मैच में नई गेंद से पाकिस्तान के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। जब क्रांति कोलंबो के मैदान पर अपना जलवा दिखा रही थीं, तो मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के घुवारा गांव में लगी एक विशाल एलईडी स्क्रीन पर उनके पड़ोसी इस मैच को देख रहे थे। अपनी बेटी की सफलता को देखकर गांव के हर एक निवासी का सीना गर्व से चौड़ा था।

क्रांति गौड़ अब तक अपने वनडे करियर में 9 मुकाबले खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने 18 विकेट हासिल किए। क्रांति ने जुलाई में टी20 फॉर्मेट में भी डेब्यू किया था।

भारत-पाकिस्तान के बीच हाई-वोल्टेज मैच की बात करें, तो भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 247 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से डायना बेग ने सर्वाधिक 4 विकेट झटके।

इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम सिदरा अमीन (81) की शानदार पारी के बावजूद 43 ओवरों में महज 159 रन पर सिमट गई।

भारत की तरफ से क्रांति गौड़ के अलावा दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट हासिल किए।

विश्व कप 2025 के अपने शुरुआती दो मैच जीतने के बाद भारतीय टीम अब 9 अक्टूबर को साउथ अफ्रीका से विशाखापत्तनम में भिड़ेगी।

## विशाखापत्तनम स्टेडियम में मिताली राज और रवि कल्पना के नाम पर होंगे स्टैंड



**विशाखापत्तनम ।** एसीए–वीडीसीए विशाखापत्तनम क्रिकेट स्टेडियम में दो स्टैंड का नाम भारत की दिग्गज महिला क्रिकेटर मिताली राज और रवि कल्पना के नाम पर रखा जाएगा। इन स्टैंड के उद्घाटन समारोह का आयोजन 12 अक्टूबर को भारत–ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला वर्ल्ड कप मैच के साथ किया जाएगा। आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश के साथ अगस्त 2025 में ब्रेकिंग बाउंड्रीज कार्यक्रम में भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना के अनुरोध के बाद यह फैसला लिया गया है। सोमवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि स्मृति मंधाना की अपील पर अमल करते हुए, मंत्री नारा लोकेश ने तुरंत आंध्र क्रिकेट संघ से परामर्श किया, जिसके परिणामस्वरूप विशाखापत्तनम स्टेडियम में महिला क्रिकेट की महान हस्तियों के नाम पर स्टैंड का नामकरण करके उन्हें सम्मानित करने का फैसला लिया गया है। मंत्री नारा लोकेश ने कहा, स्मृति मंधाना के विचारशील सुझाव ने व्यापक जनभावना को छुआ है। इस विचार को तत्काल अमल में लाना लैंगिक समानता और महिला क्रिकेट के अग्रदूतों को सम्मान देने के प्रति हमारे सामूहिक समर्पण को दर्शाता है। आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) भारत–ऑस्ट्रेलिया मैच से पहले 12 अक्टूबर को मिताली राज स्टैंड और रवि कल्पना स्टैंड का उद्घाटन करेगा। स्टैंड का नाम बदलने से महिला क्रिकेटर्स को सम्मानित करने के साथ खेल में उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला जाएगा। इससे देश की बच्चियों को महिला क्रिकेट को एक पेशे के रूप में अपनाने की प्रेरणा भी मिलेगी।

# हरिद्वार एल्मास बना यूपीएल 2025 का चैंपियन

## रोमांचक फाइनल में नैनीताल टाइगर्स को हराया



**देहरादून।** हरिद्वार एल्मास ने उत्तराखंड प्रीमियर लीग (क्क) 2025 का खिताब एक नाटकीय और रोमांचक ग्रैंड फिनाले में अपने नाम कर लिया है। रविवार (5 अक्टूबर) को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हरिद्वार एल्मास ने नैनीताल टाइगर्स को आखिरी ओवर में चार विकेट से हराया और 149 रनों का लक्ष्य सफलतापूर्वक चेज किया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला हरिद्वार के लिए सही साबित हुआ। तेज गेंदबाज प्रशांत भाटी ने शानदार शुरुआत दी और 4 ओवर के अंदर ही दोनों ओपनर ध्रुव प्रताप सिंह (12) और आरव महाजन (2) को चलता किया, जिससे नैनीताल टाइगर्स को 148/6 पर सीमित कर दिया गया। नैनीताल की पारी को संभालने का काम राहुल राज नामला (29 रन) और कप्तान भूपेन लालवानी (35 रन) ने किया। हालांकि, टीम के लिए सबसे महत्वपूर्ण पारी शश्वत डंगवाल ने खेली, जो 41 गेंदों पर 52 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुँचाया। हरिद्वार के लिए प्रशांत भाटी सबसे किफायती गेंदबाज रहे, जिन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 16 रन देकर दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए हरिद्वार एल्मास की शुरुआत खराब रही, जब अनमोल शाह ने पहली ही गेंद पर ओपनर हिमांशु सोनी को शून्य पर आउट कर दिया। लेकिन कप्तान कुणाल चंदेल ने 19 गेंदों में 33 रन बनाकर जवाबी हमला किया और टीम के लिए मंच तैयार किया। मध्यक्रम में कुछ लड़खड़ाहट देखने को मिली, लेकिन सौरव चौहान (25 रन) और विशाल डंगवाल (23 रन) ने पारी को संभाला।

मैच का रुख तब पलटा, जब लोअर-मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज उजैर मलिक ने सिर्फ 13 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से नाबाद 22 रन बनाए। फिनिशिंग टच सिद्धार्थ गुप्ता ने दिया, जिन्होंने अंतिम ओवर में दो छक्के लगाकर सिर्फ 5 गेंदों पर नाबाद 15 रन बनाए और हरिद्वार एल्मास को चार विकेट से यादगार जीत दिलाकर पहली बार चैंपियन बनाया। नैनीताल के लिए विशाल कुमार सैनी ने 23 रन देकर दो विकेट लिए।

### टूर्नामेंट पुरस्कार-इन खिलाड़ियों ने जीता खिताबः

प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार हरिद्वार एल्मास के कप्तान कुणाल चंदेल ने जीता। उन्होंने 7 पारियों में 177.04 के स्ट्राइक रेट से सबसे अधिक 455 रन बनाए।

सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार ऋषिकेश फाल्कन्स के तेज गेंदबाज जगमोहन नागरकोटी को मिला, जिन्होंने 6 पारियों में 12 विकेट लिए और सबसे ज्यादा डॉट गेंदें फेंकीं।

इमर्जिंग प्लेयर का पुरस्कार देहरादून वॉरियर्स के 20 वर्षीय युवा बल्लेबाज संस्कार रावत को दिया गया, जिन्होंने 7 पारियों में 59.40 की औसत और 180 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से 297 रन बनाए।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में टी20 मैच

## करीब तीन हफ्ते पहले ही बिके सभी पब्लिक टिकट

**मेलबर्न ।** भारत-ऑस्ट्रेलिया की टीमें 29 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच पांच टी20 मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी। इस सीरीज का दूसरा मुकाबला 31 अक्टूबर को मेलबर्न में आयोजित होगा, जिससे पहले ही इस मैच की सभी पब्लिक टिकट बिक चुकी हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सोमवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया है कि 31 अक्टूबर को होने वाले मैच से करीब तीन हफ्ते पहले ही, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में दोनों देशों के बीच होने वाले टी20 मुकाबले के लिए पब्लिक टिकटों का आवंटन पूरी तरह से खत्म हो चुका है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, एमसीजी में खेले जाने वाले इस टी20 मैच के लिए एएफएल सदस्य टिकट सोमवार से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे, जबकि एमसीसी सदस्य टिकट मंगलवार से उपलब्ध होंगे।



भारत-ऑस्ट्रेलिया की टीमें 19-25 अक्टूबर के बीच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी। इसके बाद कैनबरा, मेलबर्न, होबार्ट, गोल्ड कोस्ट और ब्रिस्बेन में टी20 सीरीज के पांच मैच आयोजित होंगे।

सीए के मुताबिक, मेलबर्न टी20 मैच के लिए टिकटों की जबरदस्त मांग भारत के सीमित ओवरों के दौरे को लेकर बढ़ती दिलचस्पी को दर्शाती है। दोनों देशों के बीच आठ मैचों के लिए अब तक 1,75,000 से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं।

सिडनी और मनुका ओवल मैचों के लिए सार्वजनिक आवंटन पहले ही समाप्त हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। वनडे टीम की कमान शुभमन गिल संभाल रहे हैं। इस टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है, जबकि टी20 टीम का जिम्मा सूर्यकुमार यादव के कंधों पर है।

पिछली बार जब भारत ने 2020/21 में द्विपक्षीय वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, तो मेहमान टीम को 1-2 के अंतर से शिकस्त झेलनी पड़ी थी, लेकिन उसी दौरे पर भारतीय टीम ने टी20 सीरीज इतने ही अंतर से अपने नाम की थी।

## महिला विश्व कप - विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूक गईं स्मृति मंधाना, 12 रन से पीछे रह गईं

**कोलंबो, ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के पास रविवार को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में विश्व रिकॉर्ड बनाने का मौका था। वह महज 12 रन से विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूक गईं। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अगर स्मृति मंधाना 35 रन बना लेतीं, तो महिला क्रिकेट इतिहास में वनडे में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज बन जातीं। मंधाना यह मौका चूक गईं। वह 23 रन बनाकर आउट हो गईं। मंधाना 2025 में वनडे में 959 रन बना चुकी हैं। अगर वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 12 रन और बना लेतीं, तो उनका कुल स्कोर 971 रन हो जाता और वह महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज बन जातीं।

महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की ब्लेंडा क्लार्क के नाम है। क्लार्क ने 1997 में 970 रन बनाए थे। स्टार भारतीय बल्लेबाज पाकिस्तान के खिलाफ बेशक विश्व रिकॉर्ड नहीं बना सकी, लेकिन उनके पास इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए भरपूर अवसर है। वह इसी विश्व कप में निश्चित रूप से एक कैलेंडर ईयर में वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली महिला बल्लेबाज बन सकती हैं।

स्मति मंधाना का वनडे करियर बेहतरीन रहा है। 2013 में डेब्यू करने के बाद से



110 वनडे मैचों में 13 शतक और 32 अर्धशतक की मदद से मंधाना ने 4,919 रन बनाए हैं। मंधाना महिला क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाली भारतीय बल्लेबाज हैं। मंधाना भारत की तरफ से वनडे में न सिर्फ महिला बल्कि ओवर ऑल सबसे तेज शतक लगाने वाली बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल में संपन्न वनडे सीरीज में उन्होंने 50 गेंद पर शतक लगाया था।

विराट कोहली के नाम 52 गेंद में वनडे शतक लगाने का रिकॉर्ड है।

# भिवानी में शुरू हुई प्रदेश स्तरीय महिला शक्ति शतरंज चैंपियनशिप, नेशनल खिलाड़ियों ने बिसात पर दिखाया दम

**भिवानी।** भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) से मान्यता प्राप्त और भारत सरकार से आयकर छूट प्राप्त हरियाणा शतरंज एसोसिएशन (एचसीए) की ओर से शनिवार को हलवासिया विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिवानी में प्रदेश स्तरीय महिला शक्ति शतरंज चैंपियनशिप की शुरुआत हुई। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारत सरकार की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत किया गया है। चैंपियनशिप का उद्घाटन महाभारत के भीष्म पितामह शक्तिमान मुकेश खन्ना के नेतृत्व में हुआ। नेशनल खिलाड़ियों ने दिखाई शह-मात की रणनीति

चैंपियनशिप के पहले दिन अंडर-13, अंडर-19 और ओपन वर्ग में कई रोमांचक मुकाबले हुए। महिला खिलाड़ियों ने शतरंज की बिसात पर दमदार चालें चलकर शानदार प्रदर्शन किया। कई नेशनल खिलाड़ियों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को शह-मात देते हुए



सेमीफाइनल और फाइनल दौर में प्रवेश किया।

**पहले दिन के प्रमुख परिणामः** बापोड़ा की पूनम ने डोमेश को, सीमा ने निशांत को, केएम स्कूल के विहान आचार्य ने साक्षी को, हिमेश ने विनायक को, वैश्य मॉडल स्कूल के प्रणय ने आर्यन को और अंशुल ने कृषिव को मात दी। इसी तरह केएम स्कूल की अर्पिता ने होशिका, भिवानी के कनिष्क सोनी ने अवनी तंवर, हलवासिया स्कूल के कार्तिक ने अथर्व तंवर, कौशल ने राघव, साहिल ने मनन, केशव ने छवि कौशिक, आरव ने समर्थ, भाविका ने तेजस्वी, तथा पीयूष ने चिराग को पराजित किया।

**वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने दी बधाईः** इस अवसर पर देश-प्रदेश के कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति डिजिटल माध्यम से जुड़े।

हरियाणा सरकार के वरिष्ठ आईएएस टीएल सत्यप्रकाश, सीबीआई के सीनियर आईपीएस अश्विन शैणवी, वित्त मंत्रालय से आईएएस डॉ. गरिमा मित्तल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. परमिंदर कौर, लोकसभा सांसद व अभिनेत्री कंगना रनौत, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव मुनीष शर्मा (आईएएस) तथा चरखी दादरी के उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

इन अधिकारियों ने कहा कि शतरंज न केवल एक दिमागी खेल है, बल्कि यह बच्चों में ध्यान, स्मरण शक्ति और रणनीतिक सोच विकसित करता है। नई शिक्षा नीति के तहत खेलों को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाना, विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में बड़ा कदम है।

**चयनित खिलाड़ी होंगे नेशनल में शामिलः** एचसीए के प्रदेश महासचिव ब्रह्मचारी कुलदीप शतरंज ने बताया कि जो खिलाड़ी अधिकतम मैच जीतेंगे, उन्हें जिला टीम में शामिल किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी आगामी नेशनल महिला शक्ति शतरंज प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का प्रावधानः** प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।